रोहतक

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 77

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 42.6
न्यून. 27.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,000.00 | 1508.91 ▲ |
| निफ्टी | 23,851.65 | 414.45 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 98,170 /- | 70/- ▲ |
| चांदी | 98,000/- | 1400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.37 | 27 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 66.47/ बैरल | 0.94% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## आईपीएल में आज



बेंगलुरू
V/S
पंजाब किंग्स
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
बेंगलुरू

## खबर संक्षेप

### पी चिदंबरम, कार्ति पर सुनवाई 28 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम की उन याचिकाओं पर 28 अप्रैल से पहले सुनवाई करने से इनकार दिया, जिसमें दोनों ने आईएनएक्स मीडिया से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने पर बहस टालने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने कहा, निर्धारित तिथि 28 अप्रैल को ही सुनवाई होगी। भाषा

### बॉम्बे हाईकोर्ट का सीएम फड़णवीस को समन

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम विधानसभा सीट से 2024 की जीत को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर समन जारी किया। याचिका कांग्रेस के प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे ने दायर की थी, जो फड़णवीस से 39,710 वोटों से हार गए थे। गुडाधे ने भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया था। भाषा

### रंगदारी मामले में राजद विधायक रीतलाल यादव का आत्मसमर्पण

**पटना।** बिहार के पटना की अदालत ने बृहस्पतिवार को जबरन वसूली के एक मामले में राजद विधायक रीतलाल यादव व उनके तीन सहयोगियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले में वांछित यादव और उसके साथियों ने आज दिन में दानापुर अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। दानापुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राजद विधायक और उनके तीन सहयोगी चिक्कू यादव, पिंकू यादव और श्रवण यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा है। भाषा

**वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश**


**अब पांच मई तक वक्फ संपत्तियां गैर-अधिसूचित नहीं की जा सकेंगी**

# नियुक्तियां रोकीं, सरकार से 7 दिन में मांगा जवाब

## अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे, 5 बिंदू तय करने होंगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार के इस आश्वासन को दर्ज कर लिया कि 5 मई तक वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद तथा वक्फ बोर्डों में नियुक्तियां की जाएंगी। वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी।



### पांच मुख्य आपत्तियों पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि '110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।'

**ये कर रहे सुनवाई :** सीजेआई संजीव खन्ना व जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच सुनवाई कर रही है।

**ये रख रहे दलील :** केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

### अभी सरकार को ये आदेश मानने होंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब अगली सुनवाई तक सरकार को ये आदेश मानने होंगे। वक्फ बाय यूजर संपत्ति लंबे समय से धार्मिक या परोपकारी उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही संपत्ति होती है, जिसके लिए लिखित दस्तावेज या रजिस्ट्री की जरूरत नहीं होती। केंद्र ने वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने और केंद्रीय वक्फ परिषदों व बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को नियुक्त करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। अब मामले की सुनवाई पांच मई को होगी।

### याचिका में ये खास

- कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25 (धार्मिक स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यक अधिकार), और 300ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करता है।
- वक्फ बोर्ड में गैर-मुसलमानों को शामिल करना और जिला कलेक्टर को वक्फ संपत्ति का फैसला करने का अधिकार देना सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है।
- ये कानून मुस्लिमों के साथ भेदभाव करता है, क्योंकि अन्य धार्मिक ट्रस्टों पर समान प्रतिबंध नहीं हैं।

### सरकार ने यह दिया आश्वासन

- केंद्र ने जवाब दायर करने के लिए 7 दिन का समय मांगा और सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया।
- अगली तारीख तक (अधिनियम की) धारा 9 व 14 के तहत परिषद व बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं होगी।
- पहले से पंजीकृत या घोषित 'वक्फ बाय यूजर' समेत वक्फ संपत्तियों की स्थिति से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी और उन्हें गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा।
- केंद्र सरकार के जवाब दायर किए जाने तक वक्फ संपत्ति की स्थिति को नहीं बदला जाएगा।

### वक्फ कानून के बाद यूपी में पहली एफआईआर दर्ज

**बरेली(एजेंसी)।** वक्फ कानून लागू होने के बाद यूपी के बरेली में पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज सरकारी जमीन को फर्जी ट्रस्ट बनाकर वक्फ में रजिस्टर्ड करवाया गया। इसके बाद दरगाह बनाकर झाड़-फूंक शुरू कर दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि इस मामले में बुधवार दोपहर 12.39 बजे सीबीगंज थाने में सब्जे अली और उनके परिवार के 11 लोगों के खिलाफ वक्फ संशोधन कानून के तहत एफआईआर दर्ज की। इसमें बताया गया कि 3 बीघे सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है।

#### फकीर की मौत के बाद तीन बीघा पर निर्माण

एसएसपी के मुताबिक, गांव सारनिया निवासी पुत्तन शाह ने मामले की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि कब्रिस्तान की जो सरकारी जमीन है, उस पर गांव के ही सब्जे अली ने सैय्यद हामिद हसन नाम के एक फकीर को पेश करके उस पर कब्जा कर लिया। राजस्व रिकॉर्ड में जमीन सरकारी निकली तो आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

**गुरुग्राम भूमि घोटाला**

## वाड्रा से लगातार तीसरे दिन चार घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली (भाषा)।** गुरुग्राम भूमि घोटाला मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुवार को लगातार तीसरे दिन 4 घंटे पूछताछ की। वाड्रा से 3 दिन करीब 15 घंटे तक पूछताछ हुई। ईडी ऑफिस से बाहर निकलने के बाद वाड्रा ने कहा- मैं निडर हूं, खुद बता रहा हूं। मैं यदि भाजपा में जाता हूं तो सारी कार्रवाई खत्म हो जाएगी। इनके वॉश रूम में साफ हो जाता है सब कुछ। मैं 2019 में भी इसी मामले में ईडी के सवालों के जवाब दे चुका हूं। करीब 15 बार जा चुका हूं, 10-10 घंटे मैंने सवालों के जवाब दिए हैं। वहीं, सवाल इस बार भी पूछे जा रहे हैं। कोई नए सवाल हैं नहीं।



वाड्रा से 3 दिन में करीब 15 घंटे पूछताछ हुई

### इस मामले में कार्रवाई

वाड्रा के खिलाफ यह जांच मानेसर-शिकोहपुर (अब गुरुग्राम में सेक्टर 83) में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है, जिसमें वाद्रा से जुड़ी एक कंपनी, 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' नामक कंपनी से 7.5 करोड़ रुपये की कीमत पर 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। वाद्रा इस कंपनी में पहले निदेशक थे। उस समय हरियाणा में मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी।

**लू के थपेड़ों ने किया परेशान, बाजार व सड़कें सुनसान**

# प्रदेश में पारा 42 डिग्री के पार, हीटवेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश में फिर भीषण गर्मी और लू के थपेड़े आमजन को परेशान करने लगे हैं। गुरुवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया। यह सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग ने हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले दो से तीन दिन तक हीटवेव का प्रकोप बना रह सकता है। गुरुवार को महेंद्रगढ़ सबसे गर्म जिला रहा। यहां अधिकतम पारा 42.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम पारा भी 22 डिग्री दर्ज किया गया। रेवाड़ी में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 9 अप्रैल को तापमान 42.0 डिग्री के पार पहुंचा था।



### रात का पारा भी चढ़ा

रात का तापमान 2.0 डिग्री बढ़कर 24.5 डिग्री पर पहुंच गया यानी अब रात भी गर्म होने लगी हैं। दिन और रात के तापमान में वृद्धि से आमजन हलकान हो रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस बार 17 अप्रैल को दोनों तापमान ज्यादा हैं। गत वर्ष इस दिन अधिकतम तापमान 36.0 और न्यूनतम 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### मौसम विभाग का दावा

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को तापमान में और वृद्धि हो सकती है। इससे दो-तीन दिन तक हीटवेव का प्रकोप बना रहेगा। इसके बाद पारे में गिरावट आएगी। 3-4 दिन तक तापमान में कमी दर्ज की जा सकती है। अभी बरसात की जल्द संभावना नजर नहीं आ रही है। लू के थपेड़े अभी सताएंगे।

**दो-तीन दिन पारे में बढ़ोतरी जारी रहेगी**

**पारा मीटर**

| शहर | पारा |
|---|---|
| नारनौल | 42.6 |
| रोहतक | 42.3 |
| सिरसा | 42.2 |
| हिसार | 41.6 |
| मेवात | 41.0 |
| फरीदाबाद | 40.8 |
| जींद | 40.3 |
| रेवाड़ी | 40.2 |
| गुरुग्राम | 39.0 |
| अंबाला | 38.4 |
| करनाल | 38.0 |

*पारा अधिकतम डिग्री सेल्सियस में। रोहतक में न्यू. पारा 27° पर*

## आप के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक और कपिल भारद्वाज के ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम मानदंडों का उल्लंघन कर आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने के आरोप में बृहस्पतिवार को पार्टी के पूर्व विधायक और गुजरात चुनाव के लिए सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के परिसरों पर छापेमारी की। एजेंसी ने पार्टी के एक अन्य नेता कपिल भारद्वाज (अब दिवंगत) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी में आरोप है कि आप ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन कर विदेशी चंदा प्राप्त किया है।

**विदेशी चंदा मामले में सीबीआई की कार्रवाई**

## एयर होस्टेस यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**गुरुग्राम (भाषा)।** गुरुग्राम पुलिस ने एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर उपचाराधीन एयर होस्टेस के कथित यौन उत्पीड़न की जांच के लिए बृहस्पतिवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) डॉ. अर्पित जैन के नेतृत्व में सात सदस्यीय एसआईटी का गठन किया। जैन एमबीबीएस डॉक्टर भी हैं। एसआईटी के अन्य सदस्यों में दो सहायक पुलिस आयुक्त, दो एसएचओ, सेक्टर-40 'क्राइम यूनिट' के प्रभारी और मामले के जांच अधिकारी शामिल हैं।

**गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में हुई वारदात**






**निशाना** उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले, अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया

*सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपालों के अधिकार की सीमा तय की थी*

# कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकता जज 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर संसद की तरह काम कर रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था।



### कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं

राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो 'सुपर संसद' के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।' 'लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है।'

### जस्टिस वर्मा केस में एफआईआर क्यों नहीं

'जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है। कमेटी सिर्फ सिफारिश दे सकती है, लेकिन कार्रवाई का अधिकार संसद के पास है।'






## मानसरोवर यात्रा जल्द बहाल होगी बनी सहमति

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के जल्द ही दोबारा बहाल होने की उम्मीद है और इसकी तैयारियां की जा रही हैं। भारत और चीन पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के दो शेष टकराव बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी करने के बाद संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### सरकारी स्कूलों में योग सिखाएंगे, 8 करोड़ मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में योग सिखाने का निर्णय लिया है। इसके लिए अब राज्य के पीएम श्री, मॉडल संस्कृति और क्लस्टर स्कूलों में 857 योग सहायकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा योग व्यायामशालाओं के जीर्णोद्धार करने के कार्य के लिए 8 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई।

### 20 को दिल्ली में जुटेंगे देशभर के किसान नेता

**चंडीगढ़।** किसान व मजदूरों की चली आ रही लंबित मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (भारत) के तत्वाधान में आने वाली 20 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मोर्चा से जुड़े करीब 50 किसान संगठनों के किसान नेता शिरकत करेंगें। नई दिल्ली स्थित सुरजीत भवन में यह बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी एसकेएम के सदस्य एवं भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने दी।

## सोनिया गांधी और राहुल के खिलाफ ईडी चार्जशीट के विरोध में प्रदर्शन

# सड़क पर उतरी कांग्रेस, नेताओं ने दी गिरफ्तारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में वीरवार को हरियाणा कांग्रेस ने चंडीगढ़ में प्रदर्शन किया गया। चंडीगढ़ पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा का पहरा रखा गया था। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस विधायकों को हिरासत में लेने और सेक्टर तीन थाने ले जाने के बाद काफी देर तक कांग्रेसियों ने थाने के बाहर भी धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से ईडी द्वारा दायर चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। चंडीगढ़ पुलिस ने कांग्रेसियों पर बल प्रयोग भी किया और बैरिकेड लगाकर ईडी दफ्तर को किले में तब्दील कर दिया। पुलिस ने दफ्तर का घेराव करने से पहले कांग्रेस नेताओं को रोका और रास्ते से हिरासत में थाने ले गई और वहां कई घंटों तक रोके रखा। कांग्रेस नेताओ ने थाने में भी जमकर प्रदर्शन किया। देर शाम को सभी को छोड़ दिया गया। इस मौके पर पार्टी के जितेंद्र बघेल, जितेंद्र भारद्वाज, सुरेश गुप्ता, अधिकांश विधायक, पूर्व विधायक और पार्टी संगठन के प्रकोष्ठों के प्रमुख मौजूद रहे।





### भूपेंद्र हुड्डा
### ईडी का राजनीतिक उपयोग घातक

भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि स्वतंत्र एजेंसियां और न्याय व्यवस्था लोकतंत्र का आधार हैं। अगर इनका इस्तेमाल राजनीतिक दुर्भावना से किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए बेहद घातक साबित होगा। कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ की जा रही कार्रवाई बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के इशारे पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस को मनी लॉन्ड्रिंग केस में बदल दिया और ईडी 10 साल बाद चार्जशीट पेश की गई है, हालांकि यह नो प्रॉफिट, नो लॉस ट्रस्ट है। कार्रवाई नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध है।

### विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास : दीपेंद्र हुड्डा



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने फर्जी चार्जशीट दायर की है, क्योंकि इसमें कोई मामला ही नहीं बनता। भाजपा राज में पिछले 11 वर्षों से ईडी और अन्य जांच एजेंसियां एक ही उद्देश्य से काम कर रही है कि विपक्ष की आवाज को किस तरह दबाया जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक अरोड़ा, रघुबीर कादयान, आफताब अहमद, गीता भुक्कल, आदित्य सुरजेवाला, शकुंतला खटक, इंदुराज नरवाल, शीशपाल केहरवाला, पूजा मुलाना, बलराम दांगी, मंजू चौधरी, विकास सहारण, राकेश कंबोज, रघुवीर तेवतिया, नरेश सेलवाल, राव दान सिंह, रमन त्यागी, रेनू बाला, शैली चौधरी, बलवान दौलतपुरिया, कुलदीप वत्स, दिव्यांशु बुद्धिराजा, बलबीर वाल्मीकि,अमित सिहाग, सुल्तान जड़ौला, नागर, पूनम चौहान चांदवीर हुड्डा आदि कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया और गिरफ्तारी दी।

### उदयभान
### राहुल की लोकप्रियता से घबराई भाजपा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई है। इस बार राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भाजपा को बहुमत के आंकड़े से दूर कर दिया। यही वजह है कि बीजेपी अपने सामने खड़ी चुनौती को खत्म करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस और गांधी परिवार का इतिहास संघर्ष से भरा हुआ है। जो पार्टी अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी, वह बीजेपी के सामने क्या झुकेगी। आखिरकार जीत सत्य की होगी और सत्य की शक्ति कांग्रेस के साथ है।

## शिक्षा मंत्री का फोन नहीं उठाने पर जींद बिजली निगम के एसई सस्पेंड

■ शिकायत के बाद बिजली मंत्री अनिल विज ने लिया एक्शन

चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन और श्रम, बिजली मंत्री अनिल विज ने शिक्षा मंत्री का फोन नहीं उठाने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसई हरि दत्त को निलंबित कर दिया है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का फोन नहीं उठाने का मामला विज के सामने मंत्री की ओर से रखा गया। बिजली मंत्री ने साफ कर दिया है कि इस तरह के मामलों में कोई समझौता नहीं होगा। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने हरि दत्त को खेत के बिजली कनेक्शन के बारे में बात करने के लिए फोन किया था, लेकिन हरि दत्त ने फोन नहीं उठाया। इस बात से मंत्री नाराज हो गए। पहले भी हरि दत्त के खिलाफ कई शिकायतें आ रही थीं। वैसे, घटना 16 अप्रैल को हुई। अनिल विज की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक में यह मुद्दा उठा। अनिल विज ने तुरंत एसई हरि दत्त के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दे दिए। डीएचबीवीएनएल हिसार के अधीक्षक अभियंता प्रशासन ने हरि दत्त के सस्पेंशन का ऑर्डर जारी कर दिया है। इससे पहले भी हरि दत्त के खिलाफ शिकायतें आई थीं।

# मुख्य सचिव से मिले 13 देशों के प्रतिनिधि

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

विधायी प्रारूपण से संबंधित 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 13 देशों के 28 प्रतिनिधियों ने आज यहां हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से मुलाकात की। कोटेडी आइवर, इक्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला, श्रीलंका, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, मालदीव, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।



### परंपरा और सहयोग की भावना लेकर जाएंगे

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि किसी भी कानून की रूपरेखा सभी हितधारकों की आवाज सुनकर ही प्रभावी ढंग से तैयार की जा सकती है। कानून की प्रासंगिकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उसमें समाज की आकांक्षाओं, भावनाओं और जरूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने सभी विदेशी प्रतिनिधियों को श्रीमद्भगवद्गीता की एक-एक प्रति भी भेंट की। उन्होंने कहा कि जब आप अपने देशों को लौटेंगे, तो आप अपने साथ न केवल पेशेवर अंतरदृष्टि बल्कि हमारी परंपराओं की गर्मजोशी और सहयोग की भावना भी ले जाएंगे।

### अब यूरोपियन और जर्मन हैंडबॉल लीग खेल सकेंगे हमारे खिलाड़ी : दिग्विजय

**चंडीगढ़।** जर्मनी के कोलोन शहर में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया और एफएच इन स्पोर्ट्स के बीच पांच साल के लिए एमओयू साइन हुआ है, जिससे भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ी अब यूरोप और जर्मनी में होने वाली हैंडबॉल लीग में खेल सकेंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने एमओयू की जानकारी दी। बताया कि नए समझौते के तहत भारतीय खिलाड़ियों को जर्मनी की शीर्ष लीग में खेलने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा।



■ हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया ने साइन किया एमओयू

### राहुल गांधी का बेरोजगारों के साथ खड़े होना भाजपा को सहन नहीं : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ जब कोई आवाज उठाता है, देश के सामने सच्चाई लाना चाहता है तो उसकी आवाज को दबा दिया जाता है, लोकसभा में राहुल गांधी और सोनिया गांधी जब भी कोई सच्चाई देश के सामने लाना चाहते है तो ये सरकार ईडी को हथियार बनाकर उनकी आवाज को दबाना चाहती है। राहुल गांधी का गरीबों के घर जाना, बेरोजगारों के साथ खड़े होना, जनहित में आवाज उठाना भाजपा को अच्छा नहीं लगता। सैलजा ने कहा कि आज सब जानते हैं कि जो भी आवाज उठाता है उस पर ईडी से हमला किया जाता है।



■ आवाज उठाने वालों को ईडी से दबाने का प्रयास

## हरियाणा में हवाई सेवाओं का विस्तार होगा

# हिसार से अब राजस्थान और एमपी के तीर्थस्थलों के लिए भी हेलिकाप्टर सेवा

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

हिसार से अयोध्या हवाई सेवा से जाकर भगवान राम लला के दर्शन करने के बाद में अब हरियाणा से राजस्थान और मध्य प्रदेश के तीर्थ स्थलों के लिए भी सेवाओं का तोहफा मिलने जा रहा है। इस दिशा में मुख्यमंत्री ऑफिस के आला अफसर होमवर्क पूर्ण कर चुके हैं। इतना ही नहीं रामलला अयोध्या के बाद में सालासर, खाटूश्याम व ग्वालियर के पीतांबरा माता मंदिर तक हेलिकाप्टर की सेवाएं देने की तैयारी है। रामलला, सालासर, खाटूश्याम ही नहीं बल्कि वैष्णदेवी के अलावा कई प्रदेशों के धार्मिक स्थलों को लकेर आने वाले वक्त में योजना पर मंथन हो रहा है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश के जिन तीर्थस्थलों के लिए हरियाणवीं ज्यादातर सड़क मार्ग से कई-कई घंटों यात्रा करते हैं, वहां के लिए जल्द ही हवाई सेवा की शुरुआत हो जाएगी। इस तरह से हरियाणा से तीर्थस्थलों पर जाने वाले बुजुर्ग लोगों, बीमार आदि के लिए यह बड़ी सुखद सूचना है, क्योंकि वे लंबे सफर व ज्यादा वक्त गाड़ियों ट्रेन में नहीं बैठ पाते। इस तरह से अब हरियाणा से मध्यप्रदेश, राजस्थान के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए हेलिकॉप्टर सेवा की शुरूआत होने जा रही है। श्रृद्धालुओं को फरीदाबाद बड़खल से ग्वालियर के पीतांबरा माता मंदिर तक हेलिकॉप्टर सेवा मिलेगी और एक ही दिन में दर्शन कर अपने शहर में वापस आ सकेंगें। बताया जा रहा है कि अगस्त माह से यह सेवा शुरुआत हो जाएगी।

### कई धार्मिक स्थलों को लेकर चल रहा मंथन



सूबे की नायब सिंह सैनी सरकार और पूर्व सीएम व वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल प्रदेश के बुर्जुर्ग लोगों को धार्मिक यात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सस्ते रेट पर प्रदान कराने के पक्ष में हैं। वे इस बारे में कईं बार अपनी बात रख चुके हैं, केवल खाटूश्याम व सालासर ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी हेलिकाप्टर सेवा से दर्शन कराने की योजना पर चिंतन मंथन चल रहा है, जिसमें लोग ज्यादा दूरी वाले सड़क व रेल मार्ग के स्थान पर हेलिकाप्टर से जाकर दर्शन कर दिन के दिन वापसी आ सकेंगे।

### विभाग ने 16 एकड़ जमीन मांगी

गुरुग्राम से सालासर, खाटूश्याम के लिए भी हेलिकॉप्टर सेवा की शुरूआत जल्द ही होगी। इसके लिए हेलिकॉप्टर सुबह गुरुग्राम से सालासर के लिए रवाना होगा और वहां पर दर्शन कराने के बाद में खाटूश्याम दर्शन कराने के बाद उसी दिन गुरुग्राम वापसी आएगा। इसके लिए विभाग द्वारा एचएसआईआईडीसी से 16 एकड़ जमीन की मांग की गई है। पहले सेवा गुरुग्राम से शुरु करने की योजना है।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

घोषणा दिनांक 28.02.2025 की निरंतरता में, सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने निम्नलिखित विषय ज्ञान परीक्षाओं को निम्नानुसार पुनर्निर्धारित किया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षाओं की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (वोकल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 58/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 57/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 3. | दर्शनशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 59/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 4. | पर्यटन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 66/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 5. | फाइन आर्ट्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 50/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 25.04.2025 के लिए पुनर्निर्धारित (सायंकालीन सत्र) |
| 6. | शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 60/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 27.04.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 7. | डिफेंस स्टडीज विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 46/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 27.04.2025 के लिए पुनर्निर्धारित (सायंकालीन सत्र) |
| 8. | मास कम्यूनिकेशन विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 55/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |
| 9. | पंजाबी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 64/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |

**टिप्पणी** :- प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड करने के सम्बन्ध में एक घोषणा शीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

दिनांक : 17.04.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/314/2026/33990/88/6 दि. 17.04.25

## भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : एससीओ नं. 121, सेक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजिन्दर पुत्र दर्शन लाल (कर्जदार), रूपा पत्नी राजिन्दर कुमार (सह-कर्जदार), LHYGR00001507698. | सेल डीडी नं. 6935 दिनांक 31.10.2017 के तहत श्रीमती रूपा पत्नी राजिन्दर के पक्ष में रंजीता रानी द्वारा निष्पादित खसरा नंबर 101//45, रकबा 13 कनाल 17 मरले का 5/277 भाग बकदर 5 मरला भूमि वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : साइड 36 फीट और शेष भाग, दक्षिण : साइड 36 फीट और गली 10 फीट चौड़ी, पूर्व : साइड 37 फीट 6 इंच और अन्य का प्लॉट, पश्चिम : साइड 37 फीट 6 इंच और का प्लॉट / कब्जे की तिथि- 15-अप्रैल-25 | 20-07-2024 रु. 9,04,956/- | यमुनानगर |
| 2. | राजिन्दर पुत्र दर्शन लाल (कर्जदार), रूपा पत्नी राजिन्दर कुमार (सह-कर्जदार), LHYGR00001507700. | सेल डीडी नं. 6935 दिनांक 31.10.2017 के तहत श्रीमती रूपा पत्नी राजिन्दर के पक्ष में रंजीता रानी द्वारा निष्पादित खसरा नंबर 101//45, रकबा 13 कनाल 17 मरले का 5/277 भाग बकदर 5 मरला भूमि वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : साइड 36 फीट और शेष भाग, दक्षिण : साइड 36 फीट और गली 10 फीट चौड़ी, पूर्व : साइड 37 फीट 6 इंच और अन्य का प्लॉट, पश्चिम : साइड 37 फीट 6 इंच और का प्लॉट / कब्जे की तिथि- 15-अप्रैल-25 | 20-07-2024 रु. 34,795.62/- | यमुनानगर |
| 3. | राजिन्दर पुत्र दर्शन लाल (कर्जदार), रूपा पत्नी राजिन्दर कुमार (सह-कर्जदार), रोशन लाल (गारंटर) NHYGR00001274935. | सेल डीडी नं. 6935 दिनांक 31.10.2017 के तहत श्रीमती रूपा पत्नी राजिन्दर के पक्ष में रंजीता रानी द्वारा निष्पादित खसरा नंबर 101//45, रकबा 13 कनाल 17 मरले का 5/277 भाग बकदर 5 मरला भूमि वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : साइड 36 फीट और शेष भाग, दक्षिण : साइड 36 फीट और गली 10 फीट चौड़ी, पूर्व : साइड 37 फीट 6 इंच और अन्य का प्लॉट, पश्चिम : साइड 37 फीट 6 इंच और का प्लॉट / कब्जे की तिथि- 15-अप्रैल-25 | 20-07-2024 रु. 3,41,590/- | यमुनानगर |
| 4. | राजिन्दर पुत्र दर्शन लाल (कर्जदार), रूपा पत्नी राजिन्दर कुमार (सह-कर्जदार), रोशन लाल (गारंटर) NHYGR00001274939. | सेल डीडी नं. 6935 दिनांक 31.10.2017 के तहत श्रीमती रूपा पत्नी राजिन्दर के पक्ष में रंजीता रानी द्वारा निष्पादित खसरा नंबर 101//45, रकबा 13 कनाल 17 मरले का 5/277 भाग बकदर 5 मरला भूमि वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : साइड 36 फीट और शेष भाग, दक्षिण : साइड 36 फीट और गली 10 फीट चौड़ी, पूर्व : साइड 37 फीट 6 इंच और अन्य का प्लॉट, पश्चिम : साइड 37 फीट 6 इंच और का प्लॉट / कब्जे की तिथि- 15-अप्रैल-25 | 20-07-2024 रु. 16,66,447/- | यमुनानगर |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 18 अप्रैल 2025
स्थान : यमुनानगर
प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

Horiticulture Departmaent, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

### टेन्टेज (Tentage) की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में 05 फिल्ड डे कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 व 01 मई 2025 से 02 मई 2025 तक किया जाना है जिसमें प्रतिदिन 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल 1000 किसानों को जानकारी प्रदान की जाएगी। उपरोक्त फिल्ड-डे कार्यकम में किसानों के लिए टेन्टेज (Tentage) की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

सामान का विवरण निम्न प्रकार से है- PVC Chair, Dunlop chair with cover, Sofa VIP, Center table, Pipe pandal, Side wall, Stage, Galicha, Carpet, Stage stairs, Samiyana, Air cooler, Generator

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 21.04.2025 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

Horiticulture Departmaent, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

### भोजन की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में 05 फिल्ड-डे कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 व 01 मई 2025 से 02 मई 2025 तक किया जाना है जिसमें प्रतिदिन 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल 1000 किसानों को जानकारी प्रदान की जाएगी। उपरोक्त फिल्ड-डे कार्यक्रम में किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Particulars of work | No. of Farmers |
|---|---|---|
| 1. | Breakfast (Mix pakora+Tea) Per day | 200 farmers daily |
| 2. | Lunch (02 Sabji+Puri+Sweets+Boondi Raita) Per day | 200 farmers daily |
| 3. | Drinking water | 200 farmers daily |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 21.04.2025 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

Horiticulture Departmaent, Haryana
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

### स्टेशनरी के सामान की आवश्यकता हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में 05 फिल्ड-डे कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 व 01 मई 2025 से 02 मई 2025 तक किया जाना है जिसमें प्रतिदिन 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस दौरान बागवानी से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल 1000 किसानों को जानकारी प्रदान की जाएगी। उपरोक्त फिल्ड-डे कार्यक्रम में किसानों के लिए स्टेशनरी की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

सामान का विवरण निम्न प्रकार से है-Writing conference pad, Blue ball pen, File folder, Cello power pen

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 21.04.2025 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच 1149/11/805/2026/33959/88/6 दि. 17.04.25

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीआरआईडी | ज्ञान केन्द्र में डिजिटल ऑडियो वीडियो कांफ्रैंस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना कन्फीगरेशन, परीक्षण, और प्रचालन। | 09.04.2025 09.05.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |
| 2 | पंचायत्स कैथल | कुतुबपुर की पंचायत भूमि पर अम्बेडकर भवन में शौचालय और स्नानगृह का निर्माण + 4 कार्य। | 16.04.2025 22.04.2025 | 19.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |
| 3 | लोनिवि (भ व प) हिसार | 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना व मजबूतीकरण (I) हिसार जिले में चुली खुर्द से बिरान से राज्य सीमा आरडी 0.640 से 1.940 तक (रोड आईडी 4814) (II) हिसार जिले में चुली खुर्द से मेहराना से राज्य सीमा आरडी 0.00 से 1.740 तक (रोड आईडी 4816) (III) हिसार जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र ढाणी मोहब्बतपुर रोड आरडी 0.000 से 0.315 तक (रोड आईडी 4996) (IV) हिसार जिले में मोहब्बतपुर से शिवालिक मंदिर रोड आरडी 0.00 से 3.800 तक (रोड आईडी 4892)। | बंद होने की तिथि 19.04.2025 | 363.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि (भ व प) अम्बाला कैंट | एस्टेट पंचकूला में मुख्य निर्वाचक अधिकारी कार्यालय, प्लॉट नं. आईपी2पी, सेक्टर-6, एमडीसी का निर्माण (पैसेंजर लिफ्ट्स का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 17.04.2025 23.04.2025 | 92.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) नारायणगढ़ | अम्बाला जिले में गांव चांदसोली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (बकाया कार्य रोड और पार्किंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम) | 16.04.2025 22.04.2025 | 29.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में गांव सातरोड में पीएचसी का निर्माण (सम्बद्ध कार्य सहित मेडिकल गैस पाइप लाइन का प्रावधान केवल)। | 16.04.2025 01.05.2025 | 16.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | स्वास्थ्य हिसार | एमएडीसीएच हिसार में ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। | 18.04.2025 05.05.2025 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255594296 pmohsr@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/140/33983/I/88/6 दि. 17.04.25

**खबर संक्षेप**

### होटल में लिफ्ट गिरने से दंपति सहित पांच घायल

**गुरुग्राम।** शहर के गोल्फ कोर्स रोड स्थित एक होटल में लिफ्ट गिरने से दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस को दी गई शिकायत में पंजाब के पठानकोट की मंजरी ने बताया कि सेक्टर- 52 स्थित आरडी सिटी में रहती है। 12 अप्रैल को वह अपने पति प्रियांक कोहली के साथ सेक्टर 43 स्थित होटल जेन सूट्स में गई थी। वह कार में बैठी थी, जबकि उसका पति अपने दोस्तों से मिलने अंदर गया था। कुछ देर बाद जब उसका पति नहीं लौटा तो वह पति को बुलाने चौथी मंजिल पर गईं। वहां से वापसी में वे लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। उसी समय तीसरी मंजिल पर लिफ्ट में अचानक झटका लगा और वह सीधे बेसमेंट में जा गिरी।

### महाराष्ट्र के कारोबारी का अपहरण कर लूटपाट

**गुरुग्राम।** महाराष्ट्र से एक कारोबारी को सोहना में बुलाकर किडनेप कर उसके साथ मारपीट व लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में महाराष्ट्र के शिवाजी महादेव सोनव ने बताया कि बिजनेस में तार पोलिंग का काम करते हैं। बीती 12 अप्रैल को फेसबुक पर तार और प्लास्टिक दाना की एक पोस्ट देखकर संपर्क किया गया। आरोपी मोहित जैन ने वॉट्सऐप पर मैटीरियल की फोटो और रेट भेजे। आरोपियों ने उसे गुरुग्राम बुलाकर उसका अपहरण कर लिया वह लूटपाट की।

# धान की पराली जलाने में रेड एंट्री वाले किसान नहीं बेच पा रहे गेहूं की फसल

## मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसान, रेड एंट्री वालों का 'नो रिकार्ड फाउंड' मैसेज दिखा रहा पोर्टल

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

धान की पराली जलाने के मामले में 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर रेड एंट्री वाले किसानों की अब गेहूं की फसल नहीं बिक रही। किसान मण्डियों में गेहूं की फसल लेकर आए तो गेट पास के लिए पंजीकरण संख्या डाली तो मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल स्क्रीन पर लिखा आया कि 'नो रिकार्ड फाउंड।' अब किसानों की गेहूं की फसल मण्डियों में पड़ी है और किसान कभी कृषि विभाग तो कभी मार्किट कमेटी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दरअसल, इस बार धान की पराली जलाने वाले किसानों पर सरकार काफी सख्त थी। सरकार ने उनके खिलाफ ट्रिपल एक्शन लिया था।

पहला नंबर चालान, दूसरा नंबर एफआईआर और तीसरे नंबर पर मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एन्ट्री। पहले किसान व कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों में भी जिज्ञासा थी कि रेड एन्ट्री से क्या होगा। अब रेड एन्ट्री के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रयोग सफल रहता है तो आने वाले समय में कोई भी किसान धान की पराली को नहीं जलाएगा। जिले में रेड एन्ट्री वाले किसानों की संख्या 62 है। ऐसा ही एक केस वीरवार को सामने आया। मामले के अनुसार गांव धिड़ निवासी लवप्रीत सिंह ने गांव के ही बलविन्द्र की 16 एकड़ जमीन ठेके पर ले रखी है। बलविन्द्र और अवतार दो भाई हैं। अवतार सिंह की जमीन दीदार सिंह ने ठेके पर ले रखी है। अवतार सिंह खुद विदेश रहता है। खरीफ-2024 में धान की फसल की कटाई के बाद अवतार सिंह के सीरी दीदार सिंह ने धान की पराली में आग लगा दी थी। हरसेक ने इसकी लोकेशन कृषि विभाग को भेजी तो कृषि विभाग ने टीम को मौके पर भेजकर फायर लोकेशन को वेरिफाई कर सही पाया। इसके बाद 15 नवंबर 2024 को दीदार पर मुकदमा दर्ज हो गया। बता यह भी रहे हैं कि बाद में जमीन मालिक अवतार सिंह ने जुर्माना राशि भी भर दी थी। अब क्योंकि जमीन बलविन्द्र और अवतार दोनों भाइयों की सांझी थी तो एफआईआर में भी किला नंबर इकट्ठा चढ़ाया गया। एफआईआर के बाद इस किला नंबर को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एन्ट्री में डाल दिया गया। इस बीच बलविन्द्र की जमीन को ठेके पर लेने वाले लवप्रीत ने 4 दिसंबर 2024 को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गेहूं का पंजीकरण करवाया। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर रेड एन्ट्री के बाद यह बात तय थी कि जिन किसानों की रेड एन्ट्री में नाम है, वह किसान सरकार को एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाएंगे। अब लवप्रीत मण्डी में गेहूं की फसल लेकर गया। जैसे ही उसने मार्किट कमेटी में गेहूं का गेट पास कटवाने के लिए पोर्टल पर किला नंबर डाला तो पोर्टल पर 'नो रिकार्ड फाउंड' लिखा आया। ऐसे में उसका गेट पास नहीं कट पाया। लवप्रीत ने इसके बाद कृषि विभाग के चक्कर काटे। वहां से उसे टोल फ्री नंबर 1800-180-2060 पर बात करने के लिए कहा गया। टोल फ्री नंबर पर कर्मचारी ने किसान को डिप्टी डीए से बात करने को कहा लेकिन जब पोर्टल पर ही रेड एन्ट्री थी तो इसका किसी अधिकारी के पास भी समाधान नहीं था। वहीं अधिकारियों ने ने बताया कि विभाग की सख्ती का परिणाम यह हुआ कि वर्ष 2023 में जहां फतेहाबाद जिले में पराली जलाने के 579 मामले आए थे जोकि वर्ष 2024 में 75 प्रतिशत कम होकर मात्र 130 मामले ही मिले।



फतेहाबाद। कृषि अधिकारी से मिलने पहुंचे रेड एन्ट्री वाले किसान।

### अधिकारी बोले, किसानों को पहले चेता दिया था

हमने किसानों को रेड एन्ट्री बारे पहले ही चेता दिया था कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसल एमएसपी पर नहीं बेच पाएंगे। हम आग न लगाने के लिए किसानों को प्रेरित भी कर रहे हैं। इस बार जिले में एक्टिव फायर लोकेशन में 75 फीसदी की कमी आई है। इस बार जिले में रेड एन्ट्री वाले किसानों की संख्या 62 है। रेड एन्ट्री बारे फैसला सरकार का है। इस बारे में जिला के अधिकारी कुछ नहीं कर सकते। -**राजेश सिहाग**, डीडीए फतेहाबाद

### पराली जलाने वाले दो सीजन तक फसल नहीं बेच पाएंगे

**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा.कर्मचंद ने कहा कि फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर अब 2 सीजन के लिए फसल बेचने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। पिछले सीजन में लगभग 73 किसानों के रिकार्ड में रैड एंट्री दर्ज की गई थी।

## ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से 150 एकड़ गेहूं व फांस जलकर राख



फतेहाबाद। गेहूं के खेत में लगी आग ।

**फतेहाबाद।** गेहूं कटाई के साथ ही खेतों में आगजनी की घटनाएं बढने लगी है। आज भी जिले के टोहाना और जाखल क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने किसानों की गेहूं की फसल और भूसे को जलाकर स्वाह कर दिया। बीती रात पंजाब बॉर्डर पर स्थित जाखल खंड के गांव कासिमपुर में पूर्व सरपंच के खेत में लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी के कारण आग लग गई।

तेज हवा के कारण आग इतनी भयंकर हो गई कि 150 एकड़ खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे 12 एकड़ में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं, 138 एकड़ में भूसा जल गया। अलसुबह 3 बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। मिली जानकारी के अनुसार, गांव कासिमपुर के पूर्व सरपंच अवतार सिंह के खेत में बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। इससे निकली चिंगारी खेत में गिर गई। इससे आग लग गई। तेज हवा होने के कारण आग एकदम से फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की जाखल और धारसूल से एक-एक गाड़ी, तीन गाडियां टोहाना और एक गाड़ी भूना से मौके पर पहुंची। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने सुबह करीब 3 बजे तक आग पर काबू पाया।

### टोहाना में भी आगजनी

गांव ठरवी से बुआन रोड पर स्थित खेतों में बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे में दो किसान भाइयों ओमप्रकाश और हवा सिंह की लगभग तीन एकड़ फसल जलकर राख हो गई। मामले की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया। जिससे अधिक नुकसान होने से टल गया। घटना गुरुवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे की है। जानकारी के अनुसार किसान ओमप्रकाश और हवा सिंह ने बताया कि बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई आग धीरे-धीरे फैलने लगी। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण एकजुट हो गए और आग पर काबू पा लिया।

## रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 19 लाख ऐंठे

■ आरोपियों में पीड़ित की महिला मित्र भी शामिल, अपहरण के बाद दो दिन बंधक बना कर रखने का आरोप

**जींद।** शहर थाना नरवाना इलाके में कूलर फैक्टरी मालिक का अपहरण कर रेप के मामले फंसाने की धमकी देकर 19 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति को दो दिन तक बंधक बना कर रखा गया और उसे टॉर्चर भी किया गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उसकी महिला मित्र समेत पांच लोगों के खिलाफ अपहरण करने, फिरौती वसूलने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडनपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नरवाना में कूलरों की फैक्टरी है। गत 15 अप्रैल को वह अपनी महिला मित्र रीना को बाइक पर लेकर गांव बेलरखां से नरवाना की तरफ आ रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज के निकट कार सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया। जिसमें एक महिला तथा दो व्यक्ति थे। आरोपितों ने दोनों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया और उसका बाइक दूसरा आदमी चलाने लगा। जिसके बाद आरोपित उसे गांव अंबरसर नहर पर ले गए। जहां पर आरोपितों ने कहा कि उनके पास दो औरत हैं। उसे झूठे रेप केस में फंसाएंगें। रेप केस से बचने के लिए आरोपितों ने बीस लाख रुपये की डिमांड की। मना करने पर आरोपितों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। फिर पत्थर बांध कर नहर में डाल मारने की धमकी दी।

## चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वर्चुअल एक्स शिखर सम्मेलन शुरू

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में गुरुवार को विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और एनिमेशन के विविध पहलुओं पर दो दिवसीय वर्चुअलएक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। शिखर सम्मेलन का आयोजन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के एनीमेशन विभाग द्वारा वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार तथा एबीएआई (बैंगलोर एनीमेशन उद्योग संघ) के सहयोग से किया जा रहा है।विश्वविद्यालय स्थानीय प्रतिभा को बढ़ावा देने और सरकार की 'क्रिएट इन इंडिया' पहल का समर्थन करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय और एबीएआई द्वारा आयोजित किए जा रहे डब्ल्यूएएफएक्स, वेव्स व वीएफएक्स चैलेंज की क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर क्षेत्र भागीदार के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है।शिखर सम्मेलन के दौरान जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, उनमें बहुप्रतीक्षित एनिमेटेड फीचर फिल्म 'छावा' के निर्माण के पीछे की अंतर्दृष्टि, साथ ही नेटफ्लिक्स की आगामी एनिमेटेड फिल्म 'वुल्फ किंग' भी शामिल है।


## राजस्थान कैडर के आईएएस के दादा की जलने से मौत

■ अकेले रहते थे 100 वर्षीय श्रीचंद, शार्ट सर्किट से आग लगी

**चरखी दादरी।** राजस्थान कैडर के आईएएस सौरभ स्वामी के दादा श्रीचंद की संदिग्ध परिस्थितियों में जिंदा जलकर मौत हो गई, सुबह उनका शव घर में चारपाई से झुलसी अवस्था में मिला। पुलिस की प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का कारण बताया जा रहा है। शहर के हीरा चौक के समीप रहने वाले करीब 100 वर्षीय श्रीचंद स्वामी मकान में अकेला रहता था। उसकी देखरेख के लिए केयरटेकर रखा हुआ था। कुछ मीटर की दूरी पर ही उसका बेटा अशोक स्वामी परिवार सहित रहता था।वीरवार सुबह जब श्रीचंद के मकान के कोई हलचल नहीं हुई तो वो देखने गए, तब उसके पिता जली हुई अवस्था में थे। कमरे में रखा सामान भी जला हुआ था। उसके बाद पुलिस को सूचित किया। केयरटेकर दीपक ने बताया कि कल रात को करीब आठ बजे वह खाना देने के लिए आया था, तब श्रीचंद चारपाई पर लेटा हुआ था। उसने खाना टेबल पर रखवा लिया और मुझे घर जाने के लिए बोल दिया। श्रीचंद के बेटे अशोक स्वामी ने बताया कि उसके पिता मात्र कुछ मीटर की दूरी पर रहते थे। सुबह और शाम को वह खुद मिलने जाता था, आज सुबह पिता के कमरे से देर तक हलचल नहीं हुई तो वो देखने के लिए गया तो हादसे का पता चला। उन्होंने बताया कि पिता सोते थे, उसके उपर से घर में बिजली सप्लाई की लाइन है। अंदेशा है कि तार टूटने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।



चरखी दादरी। घर में रखा बुजुर्ग का शव।




| | 125 NEON | 125 CARBON FIBRE | N160 TWIN DISC | N160 USD |
|---|---|---|---|---|
| बचत | ₹2 182/- | ₹2 000/- | | ₹5 594/- |
| स्पेशल क़ीमत (बचत के बाद) | ₹83 296/- | ₹90 989/- | ₹1 23 720/- | ₹1 37 952/- |

*एक्स-शोरूम कीमत

72198 21111 | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:**- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: New Rly. Road :** JSB BAJAJ 8882212365 • **Old DLF, Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979;; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979 ;** • **Khandsa Road:** GSM BAJAJ 7838774484/85, Islampur : 7838774487, Islampur : 7838774487 • **Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830. Authorised Service Centre: Samalkha(S):** 9996099067, **Samalkha(D):** 9050103232, **Sanoli :** 9992300027, **Bapoli:** 9416311625, **Israna:** 9996453000, **Matloda:** 9466343515, **Gharaunda:** 9215633545, **Kunjpura :** 9050905911, **Nissing: 8529811300, Jundla:** 9813470474, **Rajound: 7988582388, Munak:** 9896715189, **Indri:** 9812823781, **Gannur:** 9812543331, **Kundli:** 9466036628, **Kharkhoda:** 9416370108, **Bahalgarh** -9034796560, **Sampla:** 9355803777, **Dighal:** 9215640087, **Kalanaur:** 8572000201, **Meham: 7419900806**, **Badli:** 9996966628, , **Dhauj** -9811382736, **Badauli** – 9555070555, **Sururpur – 9069111729**, , **Dundahera:** 9811348395, , **Gurugram Sec.** 17/18: 9891284122, **Palam Vihar:** 9891557677, **Farruknagar:** 9215128444, **Manesar: 85273 94201, Pataudi: 99191 29123**, **Barara:** 8221001211, **Shehzadpur:** 9017097170, **Matheri:** 9416225092, **Nariangarh:** 9468402222, **Dosarka:** 9813139393, **Saha:** 9416393643, **Ladwa:** 9812520888, **Shahbad:** 9802453090, **Ismailabad:** 9416264059, **Pundri:** 9729818200, **Siwan:** 9034700082, **Kalayat:** 8607670172, **Cheeka:** 9896566783, **Bilaspur:** 9467120411, **Sadhoura:** 9354299366, **Chachrouli:** 9812128042, **Khizrabad:** 9416377034, **Radaur:** 8295781731, **Barwala:** 9215762510, **Raipur rani:** 9416461366, **Ramgarh:** 9417184618, **Pinjore:** 9671758800 **Marrawala:** 9896060113, **Barwala:** 9050220005, , **Uklana:** 9671304776, , **Siwani: 8168672841, Mangali:** 9729643232, **Ding Mandi:** 9813656456, , **Rania:** 9728321221, **Chopta:** 9416619641, **Kalawali:** 7015067499, , **Dabwali (D):** 9996371906, **Mundhal:** 9671482000, **Tosham:** 9728585000, **Dhigava:** 9812890443, **Behal:** 9991801939, **Barda:** 9813310101, **Loharu:** 7027397000, **Jhojhu:** 9992322277, **Jui:** 8930000917,**Jamalpur:** 9413762285, **Bawani Khera:** 9466628317, **Tohana:** 9991997270, **Ratia: 9350700079, Bhattu Mandi:** 9812054503, **Saffidon (M):** 9896422766, **Saffidon (Sk):** 8607078500, **Julana:** 8929147777, **Narwana:** 9350483009, **Uchana: 9466777844, Dhamtan Sahib:** 9468102345, **Dharuhera:** 9812705798, **Palhawas:** 9416248270, **Kund:** 8059490007, **Bawal:** 9466926200, **Kosli:** 9416038181, **Ateli:** 9416347264, **Mohindergarh:** 9468323888, **Kanina:** 9416578910 **Nangal Chaudhary:** 8168091181, **Dhauj** -9811382736, **Sikri:** 8178008100, **Hodal:** 9728989313, **Hatin:** 9671600916, **Mitrol:** 9813095406, **Hassanpur:** 9416636633, **Mohana:** 9813903634, **Sohna:** 9050351153, **Badshahpur:** 9540694444., **Tigaon:** 9873000517,, **Suroorpur** –9069111729.

## महत्वपूर्ण सुधार लाने मंत्रालय का निरंतर प्रयास

# अब हर महीने की 28 तारीख को जारी होगा आईआईपी आंकड़ा, समयसीमा घटकर 28 दिन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अब हर महीने की 28 तारीख को औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का आंकड़ा जारी करेगा। इसके साथ, इस आंकड़े को जारी करने की समयसीमा 42 दिन से घटाकर 28 दिन कर दी गयी है। फिलहाल मंत्रालय हर महीने की 12 तारीख को छह सप्ताह के भीतर आईआईपी आंकड़े जारी करता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रालय अपने सांख्यिकीय उत्पादों के प्रसार में वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों और समयसीमा के साथ महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

### सर्वेक्षण रिपोर्ट अब 90 दिन के भीतर जारी होगी

बयान के अनुसार, मंत्रालय संदर्भ माह की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी करता है, जो वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक है। इसी तरह, एनएसएस की सर्वेक्षण रिपोर्ट अब फील्डवर्क पूरा होने के 90 दिन के भीतर जारी की जाती है। इसी प्रकार, आईएमएफ के विशेष आंकड़ा प्रसार मानकों (एसडीडीएस) के अनुसार किसी भी संदर्भ माह के लिए सूचकांक उस माह के अंत से छह सप्ताह के भीतर जारी किया जाना चाहिए

### औद्योगिक वृद्धि जानने का बेहतर तरीका

आईआईपी देश में औद्योगिक वृद्धि के बारे में जानकारी देने वाला महत्वपूर्ण आंकड़ा है। मंत्रालय अब 42 दिनों के बजाय 28 दिनों के भीतर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय वर्तमान में संदर्भ माह से 42 दिनों के भीतर प्रत्येक माह की 12 तारीख (यदि 12 तारीख अवकाश हो तो पिछला कार्य दिवस) को मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करता है।




### जून 2024 में समिति गठित की गई

हाल के दिनों में, आंकड़ा संग्रह और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में प्रगति को देखते हुए, विभिन्न पक्ष आईआईपी जारी करने की समयसीमा को कम करने की मांग कर रहे थे। इस आवश्यकता को समझते हुए, मंत्रालय ने जून, 2024 में एक समिति का गठन किया। समिति को गुणवत्ता से समझौता किए बिना आईआईपी जारी करने की समयसीमा, इसके संशोधन कार्यक्रम को कम करने की व्यावहारिकता की जांच करने की जिम्मेदारी दी गयी।

### क्रमिक रूप से किया गया संशोधन

भारत में आईआईपी का संकलन और उसे जारी करना का काम आधार वर्ष 1937 से शुरू हुआ। इसे क्रमिक रूप से संशोधित कर 1946, 1951, 1956, 1960, 1970, 1980-81, 1993-94, 2004-05 और 2011-12 कर दिया गया। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआरआईआईपी)-2010 के लिए संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय सिफारिशों में यह प्रावधान है कि मासिक आईआईपी को संदर्भ माह की समाप्ति के 45 दिन के भीतर जारी किया जाना चाहिए।

*आईआईपी के बाद अंतिम अनुमान होगा जारी : बयान में कहा गया, "अप्रैल, 2025 से अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) संदर्भ माह से 28 दिन के भीतर हर महीने की 28 तारीख को शाम चार बजे जारी किया जाएगा। किसी विशेष महीने के लिए आईआईपी त्वरित अनुमान के रूप में जारी किया जाएगा, उसके बाद अंतिम अनुमान जारी किया जाएगा।"*

### समय सीमा 42 दिन से घटाया गया

एजेंसियों के साथ उचित परामर्श के बाद और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, आईआईपी जारी करने की समयसीमा को संदर्भ माह से 42 दिन से घटाकर 28 दिन करने और आईआईपी के दूसरे संशोधन की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार, अब से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय प्रत्येक माह की 28 तारीख को शाम चार बजे बजे (यदि 28 तारीख को अवकाश है तो अगले कार्य दिवस पर) मासिक अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जारी करेगा।

## शेयर बाजार में वाणिज्यिक हित नजहित पर हावी नही होंगे : सेबी

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक सबसे बड़े शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) योजनाओं पर निर्णय लेते समय वाणिज्यिक हित को आम जनता के हित पर हावी नहीं होने देगा।पांडेय ने 'सीआईआई कॉरपोरेट गवर्नेंस' शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, "हम वाणिज्यिक हितों को आम जनता के हितों पर हावी नहीं होने देंगे और यह सुनिश्चित करना नियामक का काम है। पांडेय ने स्पष्ट किया कि भारत ने एक ऐसा मॉडल अपनाया है, जिसमें वाणिज्यिक या लाभ कमाने वाली इकाइयां शेयर बाजार बन गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुनिश्चित करना नियामक का काम है कि आम जनता के हितों से समझौता न हो।

**ई-नीलामी सूचना**

**अग्नि प्रभावित लगभग 1,90,000 कि.ग्रा. बिल्डिंग शैड स्ट्रक्चर एमएस, लगभग 5,200 कि.ग्रा. प्लांट एवं मशीनरी और लगभग 2,00,000 कि.ग्रा. आंशिक रूप से जले हुये फैब्रिक्स**

इच्छुक बोलीदाताओं को "अग्नि प्रभावित लगभग 1,90,000 कि.ग्रा. बिल्डिंग शैड स्ट्रक्चर एमएस, लगभग 5,200 कि.ग्रा. प्लांट एवं मशीनरी और लगभग 2,00,000 कि.ग्रा. आंशिक रूप से जले हुये फैब्रिक्स" के "प्रति कि.ग्रा." आधार पर निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. एएसएम उद्योग प्राईवेट लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण मुस्तिल नं. 81/21/1, मुस्तिल नं. 82/25, 24/2, परधाना शाहपुर रोड, निकट इको ग्रीन पैनाल्स प्रा. लि., परधाना, पानीपत, हरियाणा-132107 में 18.04.2025 से 28.04.2025 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया 9466218889 पर श्री संजय चावला से सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 29.04.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया 7011830975 पर श्री नितिन कुमार से सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

**नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085 में है।**

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 28.04.2025 है।**

**NOTICE**

I, Ramdhan S/o Ram Singh R/O VPO. Chamarian, Distt. Rohtak declare that I have changed my name from Ramdhan Hooda to Ramdhan for all future purposes.

**सूचना**

मैं, राकेश कुमार पुत्र श्री बिरखा राम पुत्र श्री मोखराम निवासी गांव पाण्डू पिण्डारा, तहसील व जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा सही नाम राकेश कुमार (Rakesh Kumar) है जो मेरे आधार कार्ड, पहचान पत्र, फैमिली आईडी, स्कूल प्रमाण पत्र आदि अनुसार सही है परन्तु मेरे जन्म प्रमाण, बैंक खाता, पेन कार्ड व जॉब रिकार्ड में मेरा नाम हरकेश (Harkesh) लिखा है। राकेश कुमार (Rakesh Kumar) और हरकेश (Harkesh) दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं अन्य कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है मुझे उक्त दोनों नामों से जाना व पुकारा जाता है। भविष्य में मुझे राकेश कुमार उर्फ हरकेश (Rakesh Kumar alias Harkesh) नाम से जाना जाए।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक व इसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड सांपला, कलानौर की दुकानों की आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 21.04.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से होनी निश्चित हुई थी लेकिन प्रशासनिक कारण की वजह से दिनांक 21.04.2025 की आम नीलामी को रद्द कर दिया गया है अब यह पुनः नीलामी दिनांक 22.04.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में होनी निश्चित हुई है। दुकानो का विवरण व पालिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त किये जा सकते हैं।

पीआरडीएच 1119/11/642/2026/33960/88/6 दि. 17.04.25

**Corrigendum Notice for E-Auction ID 2025_HR_951**

Subject : Regarding extend of date of the E-Auction due date for the submission of the new application for the tender of Bara/Parking by Indian Red Cross Society, Narnaul for the mentioned locations in the Instructions. The corrigendum takes place under the following conditions.

1. Last date of the submission of tender documents is extended up to 05.00 PM on 23.04.2025 (Wednesday)
2. The online E-Auction date and time is hereby rescheduled on 25.04.2025 (Friday) at 10.00 Am to 03.00 PM.
3. The all other terms and conditions of above said E-Auction notice remain unaltered.

**Secretary**
**Indian Red Cross Cociety, Narnaul**

## भारत हवाई यात्री वृद्धि दर में चीन को पीछे छोड़ेगा

**नई दिल्ली।** हवाई अड्डों के समूह एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल काउंसिल (एसीआई) ने कहा कि भारत 2026 में हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है।

दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक, भारत की हवाई यात्री वृद्धि दर इस वर्ष 10.1 प्रतिशत है, जो चीन के लिए 12 प्रतिशत से कम है। पड़ोसी राष्ट्र में भारत की तुलना में बहुत बड़ा विमानन बाजार है।एसीआई एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया के महानिदेशक स्टेफैनो बैरोंकी ने कहा कि भारत एक ऐसा बाजार है जो विकसित हो रहा है और अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की प्रक्रिया में है।

# रुपया 27 पैसे चढ़कर 85.37 प्रति डॉलर

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश बढ़ने और डॉलर में व्यापक कमजोरी के कारण बृहस्पतिवार को रुपया लगातार चौथे सत्र में मजबूत हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे की बढ़त के साथ 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो तीन अप्रैल के बंद स्तर के आसपास है। रुपये ने दो अप्रैल के बाद से अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क की घोषणा की थी। दो अप्रैल को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी शुल्क से राहत के बाद घरेलू शेयरों में सकारात्मक रुझान ने समग्र निवेशक कारोबारी धारणा को मजबूत किया, भले ही कच्चे तेल की कीमतों में कुछ सुधार ने भारतीय मुद्रा को कमजोर कर दिया।


- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश बढ़ाया



*रुपया 85.48 पर खुला : अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.48 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.31 के उच्चतम स्तर और 85.62 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 27 पैसे की बढ़त है।*

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निफ्टी 414 अंक के लाभ में हुआ बंद
- निवेशकों को हुआ 4 .50 लाख करोड़ का लाभ
- विदेशी निवेशक उत्साहित नजर आए

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 414 अंक की बढ़त रही। अमेरिका और जापान के बीच व्यापार वार्ता के सफल होने की उम्मीद के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में निवेश के बाद निवेशक उत्साहित नजर आयें। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,508.91 अंक यानी 1.96 प्रतिशत उछलकर 78,000 अंक के स्तर को फिर से प्राप्त करते हुए 78,553.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,572.48 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,427 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 1,522 में गिरावट दर्ज की गयी। 157 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,851.65 अंक पर बंद हुआ।

### एयरटेल रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल लि. (पूर्व में जोमैटो) आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा और मारुति के शेयर नुकसान में रहे।

# तीन सालों में जर्मनी व जापान को पछाड़ते हुए आगे निकल जाएगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था अगले तीन सालों में जर्मनी और जापान को भी पछाड़ देगी और 2047 तक यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है क्योंकि बाकी सभी चीजों से परे इसका सबसे बड़ा फायदा इसका लोकतंत्र है। सीईओ ने कहा, 'फिलहाल, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले साल के अंत तक हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उसके बाद के साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, हम तीन साल में जर्मनी और जापान से भी बड़े हो जाएंगे। 2047 तक हम दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) बन सकते हैं। सुब्रह्मण्यम ने कानून और अकाउंटिंग सहित सभी भारतीय कंपनियों से विश्व नेता बनने की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि मध्यम आय वाले देशों की समस्याएं कम आय वाले देशों की समस्याओं से बहुत अलग हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## सोना 70 रुपये की बढ़त के साथ 98,170 रुपये के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक मांग के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 70 रुपये बढ़कर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि बुधवार को इसका बंद स्तर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, "कमजोर डॉलर, बढ़ते व्यापार युद्ध तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बाद वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,400 रुपये गिरकर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में चांदी 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना बढ़कर 3,357.81 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। बाद में, यह सारा लाभ लुप्त हो गया और यह 3,328.84 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# आरबीआई ने जमा, खातों को लेकर जारी किया निर्देश

**मुंबई(भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल/बंद कर सकते हैं। हालांकि, शीर्ष बैंक ने जमा और खाते पर जारी 'मास्टर' निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। इसमें कहा गया है कि एक प्रवासी बैंक के खाते में जमा करना प्रवासियों को भुगतान की एक स्वीकृत तरीका है और इसलिए, यह विदेशी मुद्रा में हस्तांतरण पर लागू नियमों के अधीन है।आरबीआई ने कहा कि एक प्रवासी बैंक के खाते से निकासी वास्तव में विदेशी मुद्रा का प्रेषण है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **सन्नी कुमार** पुत्र **मंगत राम** निवासी **गांव नागपुर, थाना रतिया, जिला फतेहाबाद, हरियाणा** ने case **FIR No. 14/25 U/s 64(1) BNS, थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **सन्नी कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सन्नी कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 14/25 U/s 64(1) BNS, थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **सन्नी कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, केन्द्रीय,**
**कमरा नं. 37**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4491/Rly/2025(Court Matter)**


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | मै. गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लि. के जोखिम व लागत पर रोहतक और भिवानी क्षेत्र में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण। | 16.04.2025 09.05.2025 | ईएमडी 39.23 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल एलनाबाद की मरम्मत और रखरखाव। | 16.04.2025 01.05.2025 | 3.16 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/33978/I/88/6 दि. 17.04.25

## शब्द पहेली - 5840




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5839 का हल









# मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया

भाषा ▶▶ मुंबई



मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कम स्कोर वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराकर दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। जैक्स ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट झटकने के बाद 26 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 36 रन की पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच का सही आकलन किया और इसी के अनुकूल ढलते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मुश्किल पिच पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 166 रन बनाकर सत्र की तीसरी जीत हासिल की।

सनराइजर्स हैदराबाद दो जीत से तालिका में नौंवे स्थान पर है और अब उसे क्वालीफाई करने की उम्मीद बरकरार रखने के लिए बचे हुए सात में से छह में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई को रोहित शर्मा (26 रन, तीन छक्के) और रेयान रिकलटन ने अच्छी शुरूआत कराते हुए 23 गेंद में 32 रन जोड़ दिए। रोहित के आउट होने के बाद जैक्स ने रिकलटन का अच्छा साथ निभाया। पर रिकलटन 31 रन बनाकर आउट हो गए जिसमें पांच चौके जड़े थे। जैक्स और सूर्यकुमार यादव (26 रन, दो चौके, दो छक्के) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 52 रन की भागीदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या नौ गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 21 रन पर पहुंचे। उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा के नाबाद 21 रन से टीम लक्ष्य तक पहुंची। वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों को विकेट के अनुकूल ढलने में संघर्ष करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी में देर से लय हासिल की। टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 57 रन बनाकर अंत में स्कोर में इजाफा किया।

## स्पिन का जवाब देंगे बल्लेबाज बेंगलुरु को घर में जीत की तलाश



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अगर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में युजवेंद्र चहल की अगुवाई वाले पंजाब किंग्स के स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर तथा दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और विपराज निगम के सामने संघर्ष करना पड़ा था तथा चहल और ग्लेन मैक्सवेल उसकी इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।यही नहीं चहल और मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी की तरफ से खेलते रहे हैं और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## खास खबर

## टी-20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित नामी क्रिकेटर टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा




**मुंबई।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं। मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### रेइजा ने महिला स्कीट में किया निराश

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खेल चुकी रेइजा ढिल्लों अपने पहले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिला स्कीट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। दिन की दूसरी स्पर्धा के बाद भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। पूर्व जूनियर विश्व चैंयनशिप रजत पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी रेइजा 60 शॉट के निर्णायक मुकाबले में 26 हिट के बाद बाहर हो गई। वह चौथे स्थान पर रही चीन की जियांग यितिंग से पार नहीं पा सकी जो पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है।

## आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हार के बाद की कार्रवाई

# नायर-दिलीप और सोहम बाहर, कोचिंग स्टाफ पर बीसीसीआई का कड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई





भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए फील्डिंग कोच टी दिलीप और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ से हटा दिया है। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोचिंग स्टाफ और भी कई सदस्यों को हटाकर बीसीसीआई ने सख्त चेतावनी दी है कि टेस्ट में भारतीय टीम के प्रदर्शन को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। उनके साथ फील्डिंग कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा टीम में खिलाड़ियों का मसाज करने वाले एक स्टाफ को भी बर्खास्त किया गया है।

### गंभीर के सहयोगियों पर गिरी गाज

द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे।

### करारी हार के बाद उठे सवाल

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे। बीसीसीआई ने इसके बाद एनसीए और भारत-ए के कोच सितांशु कोटक को सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए बतौर बैटिंग कोच टीम इंडिया से जोड़ा था। भारत ने फिर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था। हालांकि, तब अभिषेक, रेयान टेन, मोर्कल और दिलीप भी टीम स्टाफ का हिस्सा थे। अब जब दिलीप, सोहम और अभिषेक को बर्खास्त कर दिया गया है, बाकी अपने पद पर बने रहेंगे।

### डेशकाटे बने अस्थाई कोच

फिलहाल सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे टी दिलीप की जगह अस्थाई रूप से फील्डिंग कोच की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। नायर और दिलीप के लिए अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स, जो इस समय आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ हैं, सोहम देसाई की जगह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच की जिम्मेदारियों को संभालेंगे।

## नीरज ने 84.52 मीटर थ्रो के साथ की सत्र की शुरुआत



**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। चोपड़ा ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। चोपड़ा का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। केवल दो खिलाड़ियों चोपड़ा और स्मिट ने ही प्रतियोगिता में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## मंधाना रत्नागिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी

**पुणे।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने कहा, 'फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है।

# हिसार की बेटी रीना ने विश्व की 23 चोटियां फतह की, लेकिन नहीं मिली सरकार से मदद

## ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी रीना भट्टी हिमपुत्री के नाम से मशहूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



बरवाला क्षेत्र के गांव बालक में ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी रीना भट्टी (36) ने विश्व की 23 बडी चोटियों को फतह किया। इसके साथ ही उन्होंने एवरेस्ट और ल्होत्से दोनों चोटियों को मात्र 20.50 घंटे में फतह कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, लेकिन प्रदेश सरकार की तरफ से उसे कोई मदद नहीं मिली। रीना भारत की सबसे तेज पर्वतारोही हैं। सरकार की पॉलिसी के अनुसार रीना ने विधायक से लेकर सीएम तक से गुहार लगाई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। रीना ने गुरुवार को प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी और खेल मंत्री गौरव गौतम और अन्य के नाम पत्र लिखकर और इसे ट्वीट कर सरकार की नीति के तहत ए ग्रेड की नौकरी और आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

- माउंट एवरेस्ट और ल्होत्से को 20.50 घंटे में फतह कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

### सीएम को किया ट्वीट

ट्वीट करते लिखा कि मैं रीना भट्टी, हिंदुस्तान की सबसे तेज पर्वतारोही हरियाणा में हिसार के बालक गांव की ट्रैक्टर मिस्त्री की बेटी हूं। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट और ल्होत्से को एक साथ सबसे कम समय में फतह किया। बीते 5 वर्षों में 20 से ज्यादा देश और विदेश में चोटियों पर तिरंगा लहराया। बीते दिनों बेटियों के लिए आपका स्नेह देख, हिम्मत और उम्मीद जगी है। बस एक आस है कि मेरी उपलब्धियों को भी मान दें, ए ग्रेड नौकरी और आर्थिक सहारा देकर एक बेटी का संबल बनें। एक बेटी को सरकार की पहचान और सहारा चाहिए ताकि आगे की पर्वतारोहण यात्राओं के लिए समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहे। सरकार की पहचान और साथ से एक बेटी और कई बेटियां उड़ान भरेंगी।

### ये भी बड़ी उपलब्धियां

हिमपुत्री के नाम से मशहूर रीना ने पांच वर्षों में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट सहित कुल 23 पर्वत चोटियों को फतह किया, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। रीना ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त 2022 को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस (पश्चिम – 5642 मीटर, पूर्व – 5621 मीटर) को दोनों दिशाओं से 24 घंटे में फतेह कर तिरंगा लहराया। इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला बनीं, जिसने स्नो लेपर्ड पीक–पीक लेनिन (7134 मीटर), किर्गिस्तान में फतेह की। हरियाणा की पहली महिला बनीं जिसने माउंट कांग यात्से (6270 मीटर) और माउंट जो जोंगो (पश्चिम 6240 मीटर) को 70 घंटों में फतह किया और दोनों चोटियों पर तिरंगा लहराया। दुनिया की सबसे तकनीकी चोटी माउंट आमा दबलम (6812 मीटर) की भी सिर्फ़ 5 दिनों में चढ़ाई की, जो नेपाल में स्थित है। वह "Depression Against Running" नामक विश्व की सबसे लंबी रिले दौड़ में शामिल हुईं और ऑक्सफ़र्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड में 10,000 पुश-अप्स पूरा करने के लिए नाम दर्ज करवाया।

### *अमरनाथ यात्रा से एवरेस्ट तक का सफर प्रेरणादायक*

*रीना उन लड़कियों व महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणा हैं, जो उम्र के पड़ाव के बाद सरेंडर कर देती हैं। रीना ने बताया कि 2017 में वे अमरनाथ यात्रा पर गई थीं। वहां से उन्हें पर्वतारोहण का शौक लगा। उस समय मेरी उम्र करीब 24 वर्ष थी। हर देहाती परिवार की तरह उनकी भी शादी के बारे में सोचा जा रहा था, लेकिन उन्होंने अपने परिवार को मनाया। परिवार ने बेटी का पूरा साथ देते हुए उसे पर्वतारोहण की इजाजत दे दी। इसी हौसले व समर्थन का नतीजा रहा कि उनकी पहचान देश की सबसे तेज पर्वतारोहियों में हो रही है।*

### *विधायक से सीएम तक लगा चुकी मदद की गुहार*

*कंप्यूटर साइंस में मास्टर रीना ने 2024 में एवरेस्ट फतेह के बाद विधायक से लेकर सीएम नायब सिंह सैनी तक से पॉलिसी के अनुसार मदद की गुहार लगाई। पूर्व में कई पर्वतारोहियों को सरकार द्वारा नौकरी और प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। मैं भी अपनी कठिनाइयों की मान्यता और समर्थन चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से विनम्र अपील है कि मेरी उपलब्धियों को देखते हुए मुझे ए ग्रेड की सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।*



चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ ने लगा दी सोने के दामों में आग

सोना केवल भारतीयों ही नहीं पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए प्रिय है। सोने को धन, शक्ति और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। गोल्ड को सदियों से अत्यंत प्रतिष्ठित, यहां तक कि पूजनीय सामग्री के रूप में ऊंचा स्थान प्राप्त रहा है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आभूषण और विनिमय के साधन के रूप में किया जाता रहा है, लेकिन अब ये आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर हो रहा है। सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,748 रुपये बढ़कर 95,207 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपये महंगा हुआ था। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। दुनियाभर में लोग जमकर सोने की खरीद कर रहे हैं। यही कारण है कि गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 205 प्रतिशत बढ़ गया। यह पिछले वित्त वर्ष के किसी महीने में सालाना आधार पर दूसरा बड़ा उछाल रहा। पूरे वित्त वर्ष 2025 में सोने का आयात सालभर पहले के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि इस दौरान आयात होने वाले गोल्ड की मात्रा सालभर पहले से कम रही, लेकिन कीमतें 34 प्रतिशत के उछलने के चलते आयात का आंकड़ा बढ़ गया। सोने की कीमत में काफी तेजी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपये में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जारी किया है कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपये तक जा सकते हैं। सच तो यह भी है कि बीते कई सालों से सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों में शुमार रहा है। एक जनवरी 2025 के बाद से डॉलर में इसकी कीमत 11 फीसदी और रुपये में 13 फीसदी चढ़ी हैं। जनवरी 2024 से अब तक सोना डॉलर में 42 फीसदी मजबूत हुआ है। सोने को हमेशा से ही महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता से बचने का जरिया माना जाता है। इस कारण इसका प्रतिफल बेहतरीन रहा है। गत वर्ष दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा था। यह लगातार तीसरा साल था जब केंद्रीय बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। खुदरा निवेशक और धातु कारोबारी भी जोश में रहे हैं। भारतीय परिवारों के पास दुनिया के कुल सोने का करीब 12 फीसदी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर है और ट्रेड वॉर के चलते आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें होने की आशंका है। जिसके चलते सोने में अभी और उछाल की संभावना जताई जा रही है। जब तक ट्रेड वॉर ठंडी नहीं होती तब तक सोना पहुंच से बाहर ही रहने की आशंका है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# परियोजनाओं में देरी से विकास बाधित

**प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं।**

अमेरिकी लेखक जय.एम. फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उसे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती हैं और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती हैं। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती, लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है।

बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 में इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन तकरीबन पचास साल तक लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने



के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई, लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई की। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा, लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है।

पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है। परियोजनाओं में देरी को विकास के दुश्मन के तौर पर प्रधानमंत्री का स्थापित करना एक तरह से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। विश्व गुरू बनने की आकांक्षा हो या आर्थिक या दूसरी तरह वैश्विक महाशक्ति बनना, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इसी सोच को हर स्तर पर ना सिर्फ आगे बढ़ाना होगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर भी विकसित किया जाना होगा। अब भी तंत्र में ऐसे ढेर सारे तत्व हैं, जो योजनाओं को लटकाने और टालने में भरपूर रूचि लेते हैं। एक तरह से ऐसी सोच वाला डीएनए तंत्र में फैला हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर भारत की सफलता दर अगर बढ़ी है तो उसके पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री की दृष्टि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन
ज्ञानेन्द्र रावत



# ग्लेशियरों के पिघलने से सिकुड़ रही जीवन की धारा

दुनिया में ग्लेशियरों का पिघलना समूचे प्राणी जगत के लिए संकट का सबब बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 में दुनिया में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि ग्लेशियरों के पिघलने की मौजूदा दर इसी तरह जारी रही तो इस संकट के परिणाम अभूतपूर्व और विनाशकारी होंगे। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो दुनिया की कुल 8.2 अरब आबादी में से दो अरब से भी ज्यादा लोग पानी और भोजन की गंभीर समस्या का सामना करने को विवश होंगे। गौरतलब है कि ग्लेशियरों की धरती पर जल चक्र बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लेशियरों का पानी ही नदियों के जरिये हमारे जीवन की धारा को आगे बढ़ाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने को कहें या सिकुड़ने से नदियों पर संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियरों के सिकुड़ने और पर्वतीय क्षेत्रों में दिनोंदिन घटती बर्फबारी के कारण दुनिया की दो तिहाई खेती योग्य जमीन के प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। समूची दुनिया में तकरीब 2.75 लाख से भी ज्यादा ग्लेशियर सात लाख से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो दुनिया के सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीसरे वर्ष यानी 2022, 2023 और 2024 में अभूतपूर्व नुकसान देखा गया है। इस बारे में यदि विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो इसमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। यही नहीं अमेरिका की कोलोराडो नदी तो 2020 में ही सूख चुकी है। यूनेस्को के डायरेक्टर जनरल आंद्रे एंजुले का कहना है कि ग्लेशियर और पर्वतीय जल स्त्रोतों पर हम पूरी तरह निर्भर हैं। क्योंकि दुनिया में पेयजल का 70 फीसदी हिस्सा इन्हीं ग्लेशियरों में संरक्षित है। जलवायु परिवर्तन के चलते इनके तेजी से पिघलने से पेयजल के इन सबसे बड़े स्त्रोतों के अस्तित्व पर संकट है। इसलिए इन्हें बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि ग्लेशियर हैं तो जल है, जल है तो जीवन है और जीवन है तो हम हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेंटर के शोध से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वर्ष 2010 के पहले आर्कटिक और अंटार्कटिका में जो बर्फ की चादर बिछी होती थी, उसमें अब लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी हो गयी है। वहां अब मात्र 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ बची है। यह 2017 के 144 लाख वर्ग किलोमीटर के पिछले निम्नतम स्तर से भी नीचे चली गयी है। 2000 और 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों ने हर साल लगभग 270 अरब टन बर्फ को खो दिया है। एक वर्ष में 270 अरब टन बर्फ का नुकसान पूरी वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्ष में खपत किये जाने वाले पानी के बराबर है। इस बारे में मैरीलैंड के ग्रीनबेल में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट का कहना है कि अगली गर्मियों के मौसम में हमारे पास बहुत कम बर्फ बचेगी। इसमें मानवीय गतिविधियों, मुख्यतः जीवाश्म ईंधन के जलने से हुयी तापमान में बढ़ोतरी अहम है। दर असल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जाता है, उसी गति से ग्लेशियर बनने की तुलना में तेजी से पिघलने लगते हैं और अपनी जगह छोड़ने लगते हैं।जहां तक हिमालयी ग्लेशियरों का सवाल है, सरकार की ओर से 2023 में संसद में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के ग्लेशियर अलग- अलग दर से तेजी से पिघल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय प्राकृतिक आपदायें ला सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार ने स्वीकार किया कि ग्लेशियर के पिघलने से नदियों के बहाव में अंतर आयेगा और जिसके परिणाम स्वरूप आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। ग्लेशियरों को बचाना महज बर्फ को बचाना नहीं है बल्कि अपने भविष्य को बचाना है।

यह याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जायेंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे,खेत सूख जायेंगे, जमीन बंजर हो जायेगी और हमारे बच्चों की आंख में पानी नहीं आंसू होंगे और वे भी एक दिन सूख जायेंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। तभी मानव शांति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की प्रवृत्ति ही जोड़ने की होती है। यह अपनी बंदमुठ्ठी कभी खोलना नहीं जानता है। जो यह समझ गया कि बंदमुट्ठी खोलने के लिए है, उसका जीवन सार्थक होगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## गुरु तेग बहादुर जयंती



नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की जयंती की पूर्व संध्या पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए सिख श्रद्धालु।

## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का दायित्व

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं जिससे भारत की फिर किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो संभवतः शेर, बाघ, चीता जैसे पशुओं का विचार आएगा। लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका में गांधी की प्रतिमा का अनावरण


दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत में 'एंग्लो-बोअर' युद्ध संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक विशाल आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। फ्री स्टेट में लागू रंगभेद कानून की वजह से एक सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों का इस प्रांत में प्रवेश प्रतिबंधित था। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता राम वंगी सुतार द्वारा बनाई गई इस कांस्य प्रतिमा को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने संग्रहालय को दान किया है। प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने 1899-1902 के एंग्लो-बोअर युद्ध में भारतीयों की भागीदारी की अब तक की अनकही कहानी पर एक वृत्तचित्र और एक पुस्तक के साथ किया। वर्ष 1994 में नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक राष्ट्रपति चुने जाने तक, 'ऑरेंज फ्री स्टेट' के नाम से जाने जाने वाले इस प्रांत में कानून के तहत भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। यहां तक कि तटीय शहर डरबन तक पहुंचने के लिए प्रांत से गुजरने वालों को भी पहले से परमिट लेना पड़ता था। भारतीय लोग यहां गन्ने के खेतों में काम करने वाले मजदूरों के रूप में यहां पहुंचे थे। ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय के निदेशक टोकी प्रीटोरियस ने कहा, "ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय का मुख्य विषय दक्षिण अफ्रीकी एंग्लो-बोअर युद्ध है।



## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां

जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।



## ट्रेंड

### एकीकरण कार्यक्रम



बंदूकों से लेकर मूंगफली और उग्रवाद से लेकर उद्यमिता तक, कार्बी आंगलोंग ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है। हमारे विभिन्न पुनः एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कई लोग मत्स्य पालन और कृषि उद्यमी के साथ-साथ नौकरी सृजक भी बन गए हैं।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए उनका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वह स्वभिमानी और गौरवान्वित करने वाले ओड़िया थे।

**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### लोको पायलटों से अन्याय



रेलवे के लोको पायलटों की 14-14 घंटे की शिफ्ट, लगातार रात की ड्यूटी, न पर्याप्त आराम, न खाने का ब्रेक और न शौचालय की सुविधा। ये न सिर्फ उनके साथ अन्याय है, बल्कि उन करोड़ों यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है जो ट्रेनों से सफर करते हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### वजन घटाने वाली दवा



भारत के वजन घटाने वाली दवा बाजार ने विस्फोटक वृद्धि प्रदर्शित की है, जो नवंबर 2020 में 37 करोड़ से बढ़कर नवंबर 2024 तक 535 करोड़ हो गई है।

**-स्वामीनाथन पद्मनाभनश, उद्यमी**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# देश से नक्सलवाद को खत्म करने में सीएपीएफ, सीआरपीएफ अहम भूमिका निभाएंगे: शाह

एजेंसी ▶▶ नीमच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) इस अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। शाह, मध्यप्रदेश के नीमच जिले में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। सीएपीएफ और सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) इकाई इसमें अहम भूमिका निभाएगी।" शाह ने इससे पहले यहां सीआरपीएफ स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण किया। शाह ने औपचारिक परेड में भाग लेने से पहले सीआरपीएफ के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह कार्यक्रम सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा है। हर वर्ष 19 मार्च को सीआरपीएफ दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1950 में इसी दिन तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने बल को ध्वज सौंपा था। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस वर्ष विस्तारित समारोह के तहत 17 अप्रैल को परेड आयोजित की गई। ब्रिटिश शासन के दौरान 27 जुलाई 1939 को नीमच में ही 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' की स्थापना की गई थी, जिसका नाम 28 दिसंबर 1949 को गृह मंत्री पटेल ने बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया था।

### अब तक 2264 जवानों ने दिया बलिदान



अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक 2264 जवानों ने अलग-अलग मोर्चों पर देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिया है। उन सभी शहीदों के परिवार को मैं कहना चाहता हूं कि 2047 में सर्वोच्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसमें आपके परिवारजन के बलिदान का बड़ा योगदान है। सीआरपीएफ ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब भी देश में कहीं भी अशांति होती है। गृहमंत्री होने के नाते मुझे पता चलता है कि सीआरपीएफ का जवान वहां मौजूद हैं तो मैं निश्चित होकर काम करता हूं। मुझे भरोसा है कि सीआरपीएफ है तो विजय सुनिश्चित हैं

**सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल**



जम्मू-कश्मीर में कोबरा बटालियन का गठन होगा

**सरदार पटेल ने दिया था सीआरपीएफ नाम**


सीआरपीएफ दिवस हर साल 19 मार्च को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बल को ध्वज प्रदान किया था। इस वर्ष परेड 17 अप्रैल को विस्तारित समारोहों के तहत की जा रही है। नीमच का ऐतिहासिक मूल्य भी इस अवसर पर विशेष महत्व रखता है। गृह मंत्री पटेल ने बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया था।

### आजादी की शताब्दी तक हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा भारत : अमित शाह

जयपुर (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे होने तक दुनिया में हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारत ने सबसे पहले दुनिया में दी। शाह राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा 'सुरक्षा बलों के कर्मियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने कहा, "हमारा देश आज विश्व में पांचवें नंबर का अर्थतंत्र बन गया है। और मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ ही साल में हम तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### गुजरात में भीषण टक्कर, 6 की मौत



पाटन। गुजरात के पाटन जिले में गुरुवार को हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 11:30 बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुआ, जब एक ऑटोरिक्शा और गुजरात राज्य परिवहन निगम की बस में जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहाहै कि हिम्मतनगर से कच्छ जा रही परिवहन निगम की बस ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी थी।

### अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। बांग्लादेश में मानव तस्करी के मामले में शामिल 38 वर्षीय एक व्यक्ति समेत दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान रबीउल इस्लाम (38), उसकी पत्नी सीमा (27) और बेटे अब्राहम (5), पापिया खातून (36) और उसकी बेटियों सादिया सुल्ताना (21) और सुहासिनी (1) के अलावा आर्यन (7) तथा रिफत आरा मोयना (28) के रूप में हुई है।

### राहुल जाएंगे अमेरिका ब्राउन विवि में देंगे भाषण

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वे ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे। वे संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत भी करेंगे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बताया कि राहुल 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका के रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे।



### पचास करोड़ का कुत्ता मंगाने का दावा करने वाले व्यक्ति के घर पहुंची ईडी

बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दल बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा विनिमय नियमों के उल्लंघन के मामले में तलाशी के लिए एक व्यक्ति के घर पहुंचा। व्यक्ति ने 50 करोड़ रुपये के कुत्ते का आयात करने का दावा किया था। हालांकि, यह दावा फर्जी पाया गया। संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने पाया कि उस व्यक्ति के पास इतना महंगा कुत्ता खरीदने के लिए 'कोई साधन नहीं था', और ऐसी खबरें संभवतः सोशल मीडिया के लिए गढ़ी गई थीं।

## बंगाल के शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

# जिनका नाम घोटाले में नहीं, नई प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ा सकेंगे

हाईकोर्ट बोला था- 26000 नियुक्तियां अवैध, हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो



*31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बंगाल सरकार और एसएससी को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा।*

**तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो कोर्ट उचित कार्रवाई और जुर्माना लगाएगा।**

ग्रुप सी और ग्रुप डी के नॉन टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को राहत नहीं मिली।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा- जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा- हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा- बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बंगाल सरकार और एसएससी को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा। अगर तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो कोर्ट उचित कार्रवाई और जुर्माना लगाएगा। हालांकि, ग्रुप सी और ग्रुप डी के नॉन टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने कहा- इनमें से ज्यादातर कर्मचारियों पर आरोप सिद्ध हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था।

**भर्ती में 5 से 15 लाख तक की घूस लेने का आरोप**



### नौकरी गंवा चुके शिक्षक कर रहे लगातार प्रदर्शन

*शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ 11 अप्रैल को सड़कों पर उतर आए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जिन 25,753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति को अवैध बताया गया, उनमें से कई ने कोलकाता के साल्ट लेक इलाके से स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने एसएससी परीक्षा की ओएमआर शीट को सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि योग्य उम्मीदवारों की पहचान हो सके। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए और बहाली की मांग की। इससे पहले 10 अप्रैल को बर्खास्त कर्मचारियों ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने का ऐलान किया था।*



### यह है पूरा मामला

*पश्चिम बंगाल सरकार ने 2016 में स्टेट लेवल सिलेक्शन टेस्ट-2016 के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की भर्ती की थी। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। अर्पिता पेशे से मॉडल थीं।*

**ममता बोलीं- कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं**

मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल को उन शिक्षकों और स्टाफ से मुलाकात की थी, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे। उन्होंने कहा- आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे और जेल भेजने की मांग की है।

## यमुना सफाई को लेकर पीएम मोदी ने की हाई लेवल चर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने यमुना नदी की स्थिति पर व्यापक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यमुना नदी की सफाई और कायाकल्प के लिए चल रही और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में एजेंसी की ओर से तैयार कार्य योजना की समीक्षा की गई, जिसमें नदी की सफाई के लिए तीन प्रमुख समयसीमाओं के तहत गतिविधियां शामिल हैं। ये हैं अल्पकालिक गतिविधियां (3 माह), मध्यम कालिक गतिविधियां (3 माह से 1.5 साल) और दीर्घकालिक गतिविधियां (1.5 से 3 साल तक)।

**दिल्ली के मंत्री सिरसा बोले**

## डायनासोर... की तरह दिल्ली से कूड़े के पहाड़ होंगे विलुप्त



नई दिल्ली। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का दौरा किया। पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद बताया कि दिल्ली सरकार ने अगले दो साल में कूड़े का ढेर खत्म करने का लक्ष्य रखा है। सिरसा ने कहा कि सरकार ने 2027 तक इस कूड़े के ढेर को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैसे धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए, वैसे ही कूड़े के पहाड़ भी विलुप्त करना है। न्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया है, उसे पूरा करने को लेकर गंभीर है। दिल्ली के लोगों को साफ हवा और पानी मिलना चाहिए, और इसके लिए उनकी सरकार दिन-रात काम कर रही है। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर अब तक लगभग लाखों मीट्रिक टन कूड़े को प्रोसेस किया जा चुका है।

**भारतीय सेना/ INDIAN ARMY**
**पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन**
**SHORT SERVICE COMMISSION IN REMOUNT VETERINARY CORPS**

भारतीय सेना के पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन हेतु पुरुष/महिला पशु चिकित्सा स्नातकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 26 मई 2025 है।
विस्तृत नोटिफिकेशन वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है।
यदि कोई पूछताछ करनी हो तो, महानिदेशालय पशु चिकित्सा सेवाएं, क्वार्टर मास्टर जनरल शाखा, एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (थल सेना), पश्चिमी खण्ड-3, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 से लिखित अथवा ई-मेल आई डीः persvet-1779@nic.in में संपर्क किया जा सकता है।

Applications are invited from Male/female veterinary graduates for Short Service Commission in **Remount Veterinary Corps** of the INDIAN ARMY. Last date of submission of application form is **26 May 2025.**
**Detailed Notification.** Available on **www.joinindianarmy.nic.in.**
Queries if any be sought from Dte Gen RVS, QMG Branch, IHQ of MoD (Army), West Block-3, RK Puram, New Delhi-110066 in writing OR through E-mail ID: **persvet-1779@nic.in**

**नोटः-**
**1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।**
**2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।**
Note:-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC- 10601/11/0010/2526

**पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का जवाब**

## पाक पीओके खाली करे, कश्मीर पर उसका कोई अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवादियों को पोषित और संरक्षित करने वाली पाकिस्तान की आर्मी ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान आर्मी के प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भारत और हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। वहीं, मुनीर ने कश्मीर राग भी अलापा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने दावा किया है कि कश्मीर को कोई भी ताकत अलग नहीं कर सकती है। मुनीर की इस टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा कश्मीर को गले की नस बताने वाली टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कोई विदेशी चीज किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है?

**दिग्विजय सिंह की फिर फिसली जुबान**

## बाबरी मस्जिद के शहीद होने पर दंगे हमने करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक कार्यक्रम के दौरान जुबान फिसल गई। सिंह ने कहा कि जब बाबरी मस्जिद शहीद हुई तब मैं कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष था। भोपाल में 1947 में भी ऐसे दंगा नहीं हुआ, लेकिन बाबरी मस्जिद गिरने पर दंगा हुआ। उन्होंने कहा, दंगा फसाद होने में हमने पूरी कोशिश की। दरअसल, दिग्विजय सिंह कहना चाहते थे कि दंगा फसाद रोकने की कोशिश की लेकिन उनकी जुबान फिसल गई। कांग्रेस नेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि शाजापुर के चौबदार वाडी में मुस्लिम समाज द्वारा सद्भावना सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया था। वीडियो वायरल होने पर दिग्विजय सिंह ने अपने इस बयान पर कहा कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया।

### जो लोकतंत्र को 'बेचेगा' वह अगले जन्म में बनेगा भेड़-बकरी : विधायक

इंदौर। लोकतंत्र और वोट डालने को लेकर महू विधायक उषा ठाकुर का विवादास्पद बयान सामने आया है। एक कार्यक्रम में लोगों के बीच उषा ठाकुर ने कहा कि 1000 या 500 में वोट बिक जाए तो मनुष्य के लिए डूब मरने वाली बात है। लोकतंत्र में हम वोट डालने जाते हैं तो कोई देखता है क्या। वोट डालते समय अपना ईमान मत गंवाओ वोट केवल भाजपा को दो। जो लोकतंत्र बेचेगा वो अगले जन्म में भेड़,बकरी और ऊंट बनेगा। भगवान से मेरी सीधी बात है।

**निम्नलिखित पदों के लिए विज्ञापन**

| पद | प्रोजैक्ट | मानदेय प्रति माह रु. में | आवश्यक योग्यता एवं आयु |
| --- | --- | --- | --- |
| अधीक्षक एक | सीसीआई, रोहतक | 33100/- | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र / बाल विकास/ मानव अधिकार/लोक प्रशासन / मनोविज्ञान/कानून / जन स्वास्थ्य/सामुदायिक संसाधन प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट<br>अधिमानतः महिला एवं बाल विकास / सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में डॉक्यूमेंटेशन, ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग, प्रोजैक्ट फॉर्मूलेशन/क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग और सुपरविजन में सरकारी / गैर सरकारी संगठन के साथ कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।<br>कम्प्यूटर्स में कुशलता आयु 30 से 42 वर्ष तक। |
| हाउस मदर एक | -उक्त- | 14564/- | i. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट।<br>ii. मैट्रिक तक हिन्दी अथवा संस्कृत।<br>iii. बाल कल्याण/सामाजिक कल्याण/शिक्षा के क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव आयु 30-42 वर्ष। |
| स्टोरकीपर-सह-अकाउंटेंट एक | -उक्त- | 18536/- | i. 55% अंकों और समनुरूप अच्छे शैक्षणिक रिकॉर्ड रखने सहित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से कॉमर्स में बैचलर्स बी.कॉम.<br>ii. सरलता के साथ एम.एस. ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और इंटरनेट) पर कार्य करने की योग्यता।<br>iii. मैट्रिक तक हिन्दी अथवा संस्कृत।<br>iv. टैली सहित अकाउंट्स सम्बन्धित बुक कीपिंग के मैंटिनेंस की भली भांति जानकारी अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>आयु 21 से 42 वर्ष तक। |
| हैल्पर-कम-नाइट वॉचमैन एक महिला | -उक्त- | 7944/- | मैट्रिक आयु 21 से 42 वर्ष। |

टिप्पणी :- आवेदन बाल भवन रोहतक में कार्यालय कार्य समय पूर्वा. 9.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक 28.04.2025 तक मोहरबंद पैकेट में भेजे।
पीआरडीएच-1225/11/104/2026/33956/88/6 दि. 17.04.25 — हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी, रोहतक

**हिमाचल में तूफानी हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया**

# जमीन से उखड़कर कारों के ऊपर गिरे पेड़, बिजली ठप

**बारिश व ओलावृष्टि से कई फसलें जमीन पर ही बिछ गई**

एजेंसी ▶▶ नाहन

जिला सिरमौर में देर रात को आए भयंकर तूफान के कारण नाहन बस स्टैंड के समीप एक आम का पेड़ दो कारों के ऊपर गिर गया। जिससे कारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तूफान, बारिश व ओलावृष्टि से जिला सिरमौर के ऊपरी क्षेत्रों में पलम, आड़ू व खुमानी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मैदानी क्षेत्र में गेहूं की फसल तथा ऊपरी क्षेत्रों में जो की फसल को भी तूफान और बारिश से नुकसान हुआ है। तेज आंधी से जिला सिरमौर के किसानों और बागवानों को नुकसान हुआ है। अब तक 42 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट आंकी गई है।



### दूसरे दिन बिजली बहाल

विद्युत बोर्ड के 901 डीटीआर (ट्रांसफार्मर) दिनभर बंद रहे। सिरमौर जिला में रात 1:00 बजे बिजली गुल हो गई थी,जो शहरी क्षेत्रों में गुरुवार सुबह तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रात तक बिजली बहाल हुई। वही पांवटा साहिब उपमंडल में तूफान से तीन पक्के मकानों और रोनहाट उपतहसील में तीन कच्चे घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

**खाई में जा गिरी कार:** चढ़ाना व पांवटा साहिब गौशालायों को नुकसान पहुंचा है। तूफान के बीच पांवटा साहिब कालाअंब नेशनल हाईवे-7 पर एक कार 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। पंचायत प्रधान संदीप तोमर ने बताया कि आमवाला में गाड़ी करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

**इधर, आईएमडी ने जारी किया हीट वेव का अलर्ट**

### पहाड़ों में बारिश और कई राज्यों में प्रचंड गर्मी होगी

नईदिल्ली। उत्तर पश्चिम से लेकर मध्य भारत तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। पंजाब में कुछ जगहों पर पारा 43 पार कर चुका है, वहीं राजस्थान में 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान के जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी है। 19 अप्रैल तक राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर लू चल सकती है। इन राज्यों के अलावा तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है।
**तेलंगाना ने लू को आपदा घोषित किया :** उधर, तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित कर दिया है। सरकार ने लू लगने से मरने वालों के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता का भी ऐलान किया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला संभवतः देश का पहला राज्य है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### गूगल पर लगा 216.69 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने गूगल पर प्ले स्टोर की नीतियों को लेकर अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोप में 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। हालांकि ट्रिब्यूनल ने गूगल को कुछ राहत दी है और कुल जुर्माना घटाकर 216.69 करोड़ रुपए कर दिया है, लेकिन बाकी राशि अब 30 दिनों के अंदर जमा करनी होगी। गूगल ने पहले ही जुर्माने का 10% हिस्सा जमा कर दिया था।

### कांगो में नाव हादसा 50 लोग जलकर मरे



**म्बांदाका।** कांगो में एक नाव हादसे में 50 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लापता हैं। हादसा मंगलवार को रात म्बांदाका शहर के पास कांगो नदीं में हुआ। नाव में करीब 400 यात्री सवार थे, जो मटांकुमु से बोलोंबा क्षेत्र जा रहे थे। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया यहा हादसा उस समय हुआ जब एक महिला नाव पर खाना बना रही थी, जिस दौरान आग लग गई और नाव पलट गई। कई यात्री नाव से बचने के लिए नदी में कूद गए।

## नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भारत वैश्विक क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा

# विकसित राष्ट्र के साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति जल्द बनेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि वैश्विक रक्षा क्षेत्र में नेतृत्व की ओर भी तेजी से अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र के साथ-साथ दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति के रूप में भी स्थापित होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि पहले भारत रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर था, लेकिन अब देश की सोच बदल गई है और हम एक आत्मनिर्भर रक्षा औद्योगिक ढांचे का निर्माण कर रहे हैं, जो न केवल हमारी जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यात को भी बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्री बताया कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत न केवल अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी लचीला और मजबूत बना रहा है।

### 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत रक्षा उत्पादन क्षमता को सशक्त बना रहा

### साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे, इनके लिए सुधार कर रहे

### भविष्य में युद्ध का स्वरूप और जटिल होगा



*रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सैन्य ताकत किसी देश को डराने के लिए नहीं है, बल्कि यह शांति बनाए रखने के लिए एक विश्वसनीय प्रतिरोध है। उन्होंने कहा कि शांति तभी संभव है जब हम मजबूत हों। आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप और अधिक जटिल और अप्रत्याशित होगा, जहां साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र नए युद्ध क्षेत्र बनेंगे। इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सरकार निरंतर सुधार कर रही है और इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया गया है।*

### 5,521 रक्षा उपकरण देश में बनाए जा रहे

*राजनाथ सिंह ने बताया कि 200 साल पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का निगमीकरण एक ऐतिहासिक कदम रहा है, जिससे ये इकाइयां अब लाभ कमा रही हैं। सेना और रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों ने अब तक कुल 5,521 रक्षा उपकरणों और प्रणालियों को 'पॉजिटिव इंडीजेनाइजेशन लिस्ट' में शामिल किया है, जिन्हें अब देश में ही बनाया जाएगा। रक्षा खरीद बजट का 75% हिस्सा अब घरेलू कंपनियों के लिए आरक्षित है।*

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पहुंचा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में भारत ने जबरदस्त प्रगति की है। वर्ष 2014 में जहां यह आंकड़ा 40,000 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक इसे 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना है। इसी प्रकार, रक्षा निर्यात 2013–14 में मात्र 686 करोड़ रुपए था, जो अब 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।*

### कई क्षेत्रों में भारत विकसित देशों के बराबर

*रक्षा मंत्री ने भारत की रणनीतिक ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), पनडुब्बी (आईएनएस अरिहंत), एयरक्राफ्ट कैरियर (आईएनएस विक्रांत), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर सुरक्षा और हाइपरसोनिक प्रणालियों जैसे क्षेत्रों में भारत अब विकसित देशों की बराबरी कर रहा है। हालांकि एयरो इंजन निर्माण अब भी एक चुनौती है, लेकिन 'कावेरी इंजन' परियोजना में तेजी से प्रगति हो रही है और जीई, सेफ्रन व रोल्स रॉयसजैसी वैश्विक कंपनियों से सहयोग पर बातचीत चल रही है।*

## तेहरान ने आखिरकार कर दी पुष्टि

# ईरान और यूएस की दूसरे दौर की रोम में होगी परमाणु वार्ता



अब्बास अराघची



स्टीव विटकॉफ

एजेंसी ▶▶ दुबई

ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। ओमान के विदेश मंत्री ने पिछले सप्ताहांत राजधानी मस्कट में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वार्ताकार थे। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ हैं।

### यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार

*संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपनाने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा।*

### वार्ता असफल तो करेंगे हवाई हमले: ट्रंप

बता दें, दोनों देशों के बीच आधी सदी शत्रुता के बाद यह वार्ता हो रही है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं। ईरान ने भी अपने संवर्धित यरेनियम के स्तर को हथियार-श्रेणी के करीब बताते हुए परमाणु हथियार बनाने की धमकी दी है।

## 'आईएमईसी' के जरिए विश्व से संपर्क स्थापित करने का विश्वसनीय सेतु बनेगा 'भारत', यह तालमेल बढ़ाने के साथ समृद्धि को देता है बढ़ावा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के माध्यम से देश वैश्विक संपर्क का एक विश्वसनीय सेतु बनने के लिए तैयार है। आईएमईसी पर आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि 'आईएमईसी' भारत और मध्य पूर्व और पूर्वी यूरोप के नेतृत्व और साझेदारी का एक सशक्त समर्थक है। यह एक बहुत ही प्रगतिशील और दूरदर्शी अवधारणा है, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आईएमईसी' केवल एक व्यापार मार्ग नहीं है, बल्कि एक मॉडर्न-डे सिल्क रूट है, जो साझेदारी में बराबरी, संपर्क और तालमेल बढ़ाने के साथ ही समृद्धि को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, "इससे लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी, परिवहन समय में 40 प्रतिशत की कमी आएगी और महाद्वीपों के बीच बिना किसी बाधा के व्यापारिक संबंध बनेंगे।" मंत्री गोयल ने कहा कि हम न केवल व्यापारिक संबंध जोड़ेंगे; बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी तक, मध्य पूर्व से मध्य यूरोप की सभ्यताओं और संस्कृतियों को भी जोड़ेंगे। आईएमईसी मध्य पूर्व के माध्यम से अफ्रीका तक कनेक्टिविटी भी बढ़ा सकता है। इस गलियारे में रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा पाइपलाइन और समुद्र के नीचे केबल सहित क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन पर सिंगापुर के साथ चर्चा कर रहा है। हम सऊदी अरब और यूएई के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।

## बीजापुर में तीन अलग जगहों से 22 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

■ छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले में 20 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने इसे लेकर रहा कि उसूर, जांगला और नेलसनार थाना क्षेत्र में यह सफलता हाथ लगी है, जहां हमारी टीम ने 22 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी को अलग-अलग कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बीते मंगलवार के दिन उसूर थाना से जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन को गश्त के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को टेकमेटला गांव के जंगल से गिरफ्तार किया। इन सभी गिरफ्तार नक्सलियों के पास टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार और अन्य सामान बरामद किया है। इसी तरह बेलचर गांव के जंगल से 6 और कांदाकरका के जंगल से 9 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं।

'द चीफ मिनिस्टर एंड द स्पाई' किताब से गर्माई सियासत

## पूर्व रॉ चीफ़ का दावा- निजी तौर पर 370 रद्द करने के पक्ष में थे फारूक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में तब एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जब रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ के पूर्व प्रमुख ए.एस. दुलत की नई किताब 'द चीफ मिनिस्टर एंड द स्पाई' में किए गए दावों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला को कटघरे में खड़ा कर दिया। दुलत ने अपनी किताब में दावा किया कि फारूक अब्दुल्ला ने सार्वजनिक रूप से अनुच्छेद 370 को रद्द करने की निंदा की थी, लेकिन निजी तौर पर वे इसके समर्थन में थे। इस दावे पर फारूक ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'ओछी हरकत' करार दिया और दुलत पर अपनी किताब की बिक्री बढ़ाने के लिए विवाद पैदा करने का आरोप लगाया। यह मामला न केवल जम्मू-कश्मीर की राजनीति में उथल-पुथल मचा रहा है, बल्कि देश भर में अनुच्छेद 370 के रद्द होने की संवेदनशीलता को फिर से चर्चा में ला रहा है। फारूक अब्दुल्ला के लंबे समय से मित्र माने जाने वाले ए.एस. दुलत ने अपनी किताब में लिखा है कि 2019 में जब केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को रद्द किया, तब फारूक ने निजी बातचीत में कहा था, 'हम मदद करते। हमें विश्वास में क्यों नहीं लिया गया?' दुलत के अनुसार, फारूक ने यह बात 2020 में उनसे मुलाकात के दौरान कही। किताब में यह भी दावा किया गया है कि फारूक हमेशा दिल्ली के साथ काम करने के लिए तैयार रहे और शायद नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में इस प्रस्ताव को पारित करने में मदद की होती।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Haryana State. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honca - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**